www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

29 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 339


हजार चुनौतियां आयीं, लेकिन हमने कभी हार नहीं मानी: हेमंत











# कोल्हान के आदिवासी वोटर्स की खामोशी बहुत कुछ कहती है

## ■ झामुमो को है अपने वोटर्स पर भरोसा, तो भाजपा को पूरी शक्ति झोंकने की जरूरत

## ■ मंईयां सम्मान यात्रा बनाम परिवर्तन यात्रा के बाद भी खुले नहीं हैं लोग

## ■ चंपाई सोरेन की छवि मददगार वाली, लेकिन नाराजगी के भी कारण कई

## ■ चंपाई सोरेन का गांव जिलिंगगोड़ा खामोश है

आजाद सिपाही विशेष

**विधानसभा चुनाव के दरवाजे पर खड़े झारखंड का कोल्हान क्षेत्र हमेशा से राजनीतिक चर्चा के केंद्र में रहा है। झारखंड के ढाई दशक के राजनीतिक इतिहास में चार मुख्यमंत्री देनेवाला कोल्हान क्षेत्र तीन जिलों, चाइबासा, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां को लेकर बना है। यहां लोकसभा की दो और विधानसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान ने भाजपा को करारा झटका दिया था और उसका यहां से न केवल सूपड़ा साफ हो गया, बल्कि झारखंड की सत्ता से भी वह बेदखल हो गयी। लेकिन पिछले पांच साल में यहां बहुत कुछ बदल गया है। स्वर्णरेखा नदी में बहुत पानी बह चुका है और कोल्हान की राजनीति भी कई करवटें बदल चुकी है। कोल्हान में झामुमो के सबसे कद्दावर नेता चंपाई सोरेन अब भाजपा के साथ हैं, तो दूसरी तरफ चाइबासा की सियासत के डार्क हॉर्स मधु कोड़ा भी भगवा झंडा थाम चुके हैं। इन दोनों नेताओं की बदौलत भाजपा 2019 के परिणाम को बदलने के लिए छटपटा रही है, लेकिन झामुमो की किलेबंदी में दरार पैदा बहुत आसान नही है। अगर कोल्हान में भाजपा सोचती है कि किसी एक नेता के सहारे वह चुनावी वैतरणी पार कर लेगी, तो अभी के मौजूदा माहौल में यह सच नहीं है। कोल्हान का वर्तमान राजनीतिक माहौल बेहद अनिश्चित दिखाई दे रहा है, क्योंकि यहां के लोग अपनी सोच को आसानी से बताते नहीं हैं। सरायकेला, जो चंपाई सोरेन का गढ़ है, भी इस मामले में खामोश ही नजर आ रहा है। यहां तक कि उनका गांव जिलिंगगोड़ा भी अभी तक खामोशी की चादर ओढ़े हुए है। इस खामोशी में एक बात तो साफ नजर आ रही है कि झामुमो के लिए चंपाई फैक्टर बहुत ज्यादा असरदार नहीं दिख रहा है। लोग सियासी बातचीत तो करते हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं बोलते हैं। कोल्हान पर छायी सियासी खामोशी न केवल भाजपा को, बल्कि झामुमो को भी परेशान कर रही है। कोल्हान ने सियासत के कई रंग देखे हैं, तो कई रंग दिखाये भी हैं। इन रंगों में डूबते-उतराते कोल्हान के राजनीतिक माहौल को समझने के लिए आजाद सिपाही की टीम इस समय वहां है। वह शनिवार को पूरे दिन चंपाई सोरेन के गांव जिलिंगगोड़ा के आसपास के लोगों का मन अटोलती रही। क्या है कोल्हान का माहौल और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में सियासी तौर पर सबसे असरदार और अब तक चार मुख्यमंत्री देनेवाला कोल्हान क्षेत्र इस बार भी कुछ करने के लिए तैयार दिख रहा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कोल्हान टाइगर के नाम से चर्चित चंपाई सोरेन का पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा अब तक खामोश है। कभी इस गांव के हर घर पर झामुमो का तीर-धनुष वाला झंडा दिखता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। चंपाई दा अब भाजपा के साथ हैं, तो उनके गांव ने खामोशी की चादर ओढ़ ली है। सरायकेला-खरसावां जिले का यह गांव झारखंड की राजनीति के टर्निंग प्वाइंट का गवाह तो बना है, लेकिन अब यहां के लोग इस सियासी जोड़-तोड़ से आजिज दिखते हैं। कोई नृप होइं हमें का हानि वाला भाव लिये इस गांव के लोग चुनावी बातचीत के लिए खुल कर सामने नहीं आते। लगता है वे अभी तक यह तय नहीं कर पाये हैं कि वे पूरी तरह झामुमो के साथ जायें या चंपाई सोरेन के साथ। हालांकि वे अपनी समस्याएं खुल कर बताते हैं। पिछले दो दिनों से चंपाई दा की तबीयत कुछ खराब है, तो वह अपने घर में ही आराम कर रहे हैं और किसी से मिल नहीं रहे हैं, लेकिन उनके समर्थक पूरे उत्साह में हैं। उनके घर पर मौजूद लोगों की भीड़ बता रही थी कि झारखंड की सियासत में उनका कद क्या है।

जिलिंगगोड़ा गांव का यह माहौल पूरे कोल्हान का माहौल बताता है। राज्य के एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के चाइबासा जिले का पाताहातू गांव भी ऐसी ही बातें कह रहा है। मधु कोड़ा और उनकी पत्नी गीता कोड़ा के भाजपा में जाने के बाद इस गांव के लोग भी सियासी बातें करने से कतराने लगे हैं। आपस में तो वे बात करते हैं, लेकिन जैसे ही कोई अनजान चेहरा उनके सामने आता है, वे चुपपी साध लेते हैं। बहुत कुरेदने पर वे कहते हैं कि इससे कोई लाभ नहीं होनेवाला, क्योंकि नेता तो अपनी सुविधा के अनुसार पार्टी बदल लेते हैं और हम बिना पतवार की नाव की तरह इधर से उधर डोलते रहते हैं।

इन दोनों गांवों के माहौल से इस बात का अंदाजा तो मिल ही जाता है कि कोल्हान में इस बार 2019 जैसा माहौल नहीं है। कोल्हान की किलेबंदी में सबसे बड़ी भूमिका निभानेवाले चंपाई सोरेन का झामुमो से अलग होना हेमंत सोरेन के लिए परेशानी का सबब हो सकता है, इसलिए हेमंत सोरेन इस किले को बचाने के लिए राजनीतिक और सांगठनिक तौर पर काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। फिलहाल इस किलेबंदी को इंपैक्ट रखने के लिए गांडेय की विधायक और मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन मंईयां सम्मान यात्रा के क्रम में कोल्हान दौरे पर हैं। वह लगातार लोगों से संपर्क कर रही हैं। कहीं-कहीं उनकी बड़ी सभाएं भी हो रही हैं। सभाओं में महिलाओं की भीड़ जुट रही है। कल्पना सोरेन भी महिलाओं का दिल जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहीं। कभी वह गाड़ी के ऊपर बैठ कर झामुमो का झंडा फहराने लगती हैं, कहीं वह उनके स्वागत में आयी बुजुर्ग महिलाओं का पैर छूकर आशीर्वाद ले रही हैं। उधर कोल्हान की किलेबंदी को अक्षुण्ण रखने के लिए हेमंत सोरेन ने कोल्हान से पार्टी की सांसद जोबा मांझी और अपनी कैबिनेट के दो मंत्रियों, रामदास सोरेन और दीपक बिरुआ के अलावा इस क्षेत्र से पार्टी के आठ अन्य विधायकों के साथ कई दौर की बैठक कर रणनीति को अंतिम रूप दिया है। हेमंत सोरेन समेत झामुमो के नेताओं का कहना है कि किसी के आने-जाने से कुछ नहीं होता, बल्कि हमारी असली ताकत आम लोग हैं, जो चुनाव के हर चरण में बूथ से लेकर चौकी तक अपनी भूमिका निभाते हैं। हेमंत सोरेन का यह सब करना दिखाता है कि झामुमो के कद्दावर नेता और कभी उनके सहयोगी रहे चंपाई सोरेन के भाजपा में चले जाने से उन्हें यह एहसास हो गया है कि इस बार कोल्हान के चुनावी महाभारत में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए उन्हें अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। दूसरी तरफ कोल्हान को लेकर झामुमो की तत्परता को भाजपा चंपाई प्रभाव बता रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि कोल्हान का किला ढहने का डर झामुमो नेताओं में साफ दिख रहा है, इसीलिए वे बार-बार यहां डेरा डाल रहे हैं।



चंपाई के गांव जिलिंगगोड़ा में भविष्य की चिंता में डूबा परिवार। *फोटो : प्रदीप ठाकुर।*

### 2019 में झामुमो ने जीती थी कोल्हान की 11 सीटें

2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान में भारतीय जनता पार्टी का खाता नहीं खुला था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री और जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा उम्मीदवार रघुवर दास भी अपनी सीट नहीं बचा पाये थे। सरयू राय ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर रघुवर दास को हराया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अकेले कोल्हान की 14 में से 11 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि दो सीटें उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस के खाते में गयी थी और एक सीट सरयू राय ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीती थी।

### 2019 का परिणाम दोहराना झामुमो के लिए मुश्किल

लेकिन इस बार स्थिति बदली हुई है। रघुवर दास राजनीतिक परिदृश्य से दूर हैं। भाजपा ने चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा-गीता कोड़ा को अपने खेमे में कर लिया है। सरयू राय भी जदयू में आ गये हैं, जो एनडीए का हिस्सा है। अर्जुन मुंडा लोकसभा चुनाव हारने के बाद इस समय कोल्हान में समय दे रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि इस बार हालात 2019 जैसे नहीं हैं। भाजपा की स्थिति निश्चित तौर पर पहले से कुछ मजबूत होती दिख रही है। इसके अलावा इस बार आजसू और भाजपा के बीच समझौता होना भी तय है। ऐसे में कोल्हान में 2019 का परिणाम दोहराना झामुमो-कांग्रेस के लिए मुश्किल हो सकता है। चाहे रणनीति के तहत हो या फिर अपने कोल्हान किले को बचाने की मजबूरी के चलते। यही वजह है कि हेमंत सोरेन ने अपना पूरा ध्यान कोल्हान पर केंद्रित कर दिया है।

### क्या है वर्तमान सियासी माहौल

सरायकेला के ग्रामीण इलाके में लोग खुल कर तो कुछ नहीं बताते, लेकिन इतना जरूर कहते हैं कि हेमंत सोरेन सरकार ने काम किया है। मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाएं खूब उत्साहित हैं, लेकिन चौक-चौराहों और खासकर गैर आदिवासी इलाकों में इससे वोट हासिल होने की संभावनाओं को नकार दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीण इलाकों के लोग सरकारी सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और दलालों के बढ़ते असर से परेशान से दिखते हैं। खासकर जमीन खरीद-बिक्री और जमीन के ऑनलाइन म्यूटेशन के दरम्यान अफसरों की मनमानी के कारण वे दुखी हैं। उनकी परेशानी चुनाव परिणामों पर असर डाल सकती है। कुछ लोग कहते हैं कि दलालों और बिचौलियों के बिना न मंईयां सम्मान योजना का पैसा मिलता है और न आयुष्मान भारत योजना का ही लाभ मिल रहा है। ऐसा कहनेवालों को झामुमो और भाजपा विरोधी चश्मे से देखा जा सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक और सरकारी कार्यालयों में दलाल-बिचौलिये भ्रमण करते आपको दिख जायेंगे। ग्रामीणों की इस परेशानी को लेकर झामुमो और भाजपा, दोनों गंभीर हैं। दोनों के लोगों को इससे दो-चार होना पड़ता है। सरकारी सिस्टम में पहले की सरकार में भी झोल था, अब भी वह खत्म नहीं हुआ है। सिस्टम अपने हिसाब से चल रहा है। पूर्व की रघुवर दास सरकार भी इस सिस्टम के व्यवहार से खुश नहीं थी। मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इसकी शिकायतें मिलती रहती हैं। खुद सीएम हेमंत सोरेन कई बार कह चुके हैं कि आम लोग दलालों-बिचौलियों के झांसे में नहीं आयें। वे मंईंया सम्मान योलना और अबुआ आवास के लिए किसी दलाल के बहकावे में नहीं आयें। वे सीधे अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी परेशानी बतायें। अगर अधिकारी नहीं सुनें, तो सूचित करें, लेकिन गांव का आम आदमी किसी पचड़े में पड़ना नहीं चाहता। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि अभी तक कोल्हान की राजनीतिक स्थिति किस करवट बैठेगी, यह साफ नहीं हो सका है। धुंध छंटने में समय लगेगा। उसी धुंध को छांटने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी गोटी सेट कर रहा है।




29 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 339

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

Raj Hospitals
Main Road, Ranchi

ARTEMIS CARDIAC CARE
ARTEMIS HEART CENTRE
EVERY BEAT, EVERY MOMENT

NABH

## राज आर्टेमिस हार्ट सेंटर प्रस्तुत करता है
# विशेष हृदय जाँच पैकेज



**विशेष छूट एवं पैकेज केवल 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2024 तक**

**बेसिक हार्ट चेकअप ₹1650/-***
हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श और इ.सी.जी.

**हैल्थी हार्ट चेकअप ₹2350/-***
हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श, इ.सी.जी., टी.ऍम.टी. (ट्रेडमिल टेस्ट ) और 2डी इकोकार्डिओग्राफी

**प्राइमरी हार्ट चेकअप ₹3150/-***
हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श, सी.बी.सी. (कम्पलीट ब्लड काउंट), ब्लड शुगर (रेंडम), लिपिड प्रोफाइल बेसिक, किडनी फंक्शन टेस्ट, इ.सी.जी. और 2डी इकोकार्डिओग्राफी

**कम्पलीट हार्ट चेकअप ₹4950/-***
हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श, सी.बी.सी. (कम्पलीट ब्लड काउंट), ब्लड शुगर (फास्टिंग और पी.पी. ), लिपिड प्रोफाइल बेसिक, किडनी फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, इ.सी.जी., एक्स-रे (चेस्ट), टी.ऍम.टी. (ट्रेडमिल टेस्ट ), और 2डी इकोकार्डिओग्राफी

**डे केयर एंजियोग्राफी ₹9950/-***

**एंजियोग्राफी (एक दिन।) ₹11950/-***

**एंजियोप्लास्टी ₹15,000/-*** तक की छूट।



**डॉ. राजेश कुमार झा**
एम.डी (मेडिसिन), डी.एम (कार्डियोलॉजी)
ए.एफ.ई एस.सी (यूरोप)
(हृदय रोग विशेषज्ञ)



**डॉ. अवनींद्र कुमार सिंह**
एम.डी. (मेडिसिन), पी.जी.डी.सी.सी. (हार्ट)
(हृदय रोग विशेषज्ञ)

- पिछले 5 वर्षों में 5000+ सफल एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी।
- 500 से अधिक सफल पेसमेकर, ICD और CRTD इम्प्लांटेशन।
- प्रिवेंटिव, क्लिनिकल, नॉन-इनवेसिव और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी
- IVUS और ROTA ABLATOR सहायता से जटिल एंजियोप्लास्टी।
- सभी प्रकार के पेसमेकर, जिसमें लीडलेस पेसमेकर भी शामिल है।
- सी.आर.टी.डी. और ए.आई.सी.डी. इम्प्लांटेशन।
- आधुनिक कार्डियक कैथ लैब और हृदय संबंधी डायग्नोस्टिक सेवाओं (ई.सी.जी., इकोकार्डियोग्राफी, टी.एम.टी.) से सुसज्जित, साथ ही समर्पित कार्डियक आई.सी.यू.।

***TERMS & CONDITIONS:**
- केवल सीधे भुगतान करने वाले मरीजों के लिए मान्य (बीमा/टीपीए/सीजीएचएस/पीएसयू के लिए लागू नहीं)।
- छूट निर्धारित अवधि के लिए केवल अस्पताल के निर्णय पर मान्य है।
- ऑफर का लाभ उठाने के लिए प्री-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
- एंजियोप्लास्टी पर छूट की राशि अस्पताल के सलाहकार के सुझाव पर निर्भर है।

**24X7 EMERGENCY +91 977 14 88888**

Follow Us On | Main Road, RANCHI | www.rajhospitals.com | Google




**28 सितंबर 2024 को चतरा कॉलेज के सामने मैदान में आयोजित राजद के ऐतिहासिक कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए राजद के सभी कार्यकर्ताओं को दिल से धन्यवाद, आभार।**

जोहार
**सत्यानंद भोक्ता**
मंत्री, झारखंड सरकार





www.epaper.azadsipahi.in

29 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 339

हरियाणा में कांग्रेस का सरकार बनाने का गुब्बारा राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह फूटेगा : मोदी



### पलामू प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन समारोह

# इस चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को झारखंड से मुक्त करें: शिवराज

- हेमंत ने झारखंड की प्रत्येक बहन के 1.18 लाख रुपये खाकर उन्हें धोखा दिया
- झारखंड के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है हेमंत सोरेन की सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड को झारखंड मुक्ति मोर्चा से मुक्त कराने का आह्वान किया है। शनिवार को झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा का पलामू प्रमंडल में समापन के मौके पर मेदिनीनगर में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में एक हजार किलोमीटर की परिवर्तन यात्रा हुई है और इसमें आप लोगों का उत्साह देखते हुए मैं कह सकता हूं कि झारखंड में परिवर्तन सुनिश्चित है। हेमंत सोरेन की सरकार का जाना तय है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार का आना भी तय है।

झारखंड की जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन सरकार के बारे में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह गठबंधन नहीं, ठगबंधन है। इन्होंने मिल कर जल, वन और खनिज संपदा से भरपूर, सुंदर प्रदेश को खोखला कर दिया है। जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तो यहां ऐसे विकास के काम हुए थे कि जनता आज भी याद करती है। इसलिए अब भाजपा की सरकार ही झारखंड को विकास के पथ पर ले जायेगी।

## यह कैसा मंईयां सम्मान

केंद्रीय मंत्री ने हेमंत सोरेन सरकार की मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि पांच साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम ने महिलाओं से हर महीने चूल्हा खर्च के लिए दो हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन चार साल 10 महीने हेमंत सोरेन को माताओ-बहनों की याद नहीं आयी और अब चुनाव के नजदीक आते ही उनके खाते में महज एक हजार रुपये डाले जा रहे हैं। यदि हेमंत सरकार ने अपना वादा निभाया होता, तो अब तक हर महिला लाभुक के खाते में 1.20 लाख रुपये आ गये होते, लेकिन उन्हें केवल दो हजार रुपये मिले हैं। इसका मतलब यह हुआ कि धोखेबाज सोरेन सरकार महिलाओं के हक के 1.18 लाख रुपये भी डकार गयी। अगर हेमंत सोरेन मंईयां सम्मान की बात करते हैं, तो चुनाव से पहले महिला हितग्राहियों के खाते में 1.18 लाख रुपये दें। शिवराज ने बताया कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, तो वहां इस तरह की योजना चल रही है। ओड़िशा में भी हमारी सरकार बनने के बाद ऐसी योजना शुरू की गयी है। झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खातों में भी 2100 रुपये की राशि हर महीने डाली जायेगी।

## फिजिकल टेस्ट हादसा नहीं, हत्या है

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सोरेन सरकार ने पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी को भी नौकरी नहीं मिली। अब चुनाव नजदीक आ गये हैं, तो सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा दिया, जिससे कई बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। यह हादसा नहीं, हत्या है। भाजपा की सरकार बनते ही हम इस पूरे मामले की जांच करायेंगे, दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा।



### झारखंड में माटी, बेटी, रोटी संकट में है

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड की बहनें मेरे पास पोटली में माटी और अक्षत लेकर आ रही हैं और कह रही है कि, झारखंड में माटी संकट में है, बेटी संकट में है और रोटी भी संकट में है। माटी, बेटी और रोटी को केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही बचा सकती है। श्री चौहान ने कहा कि, माटी इसलिए खतरे में हैं क्योंकि, झारखंड से कोयला बंगाल के रास्ते बांग्लादेश जा रहा है। बेटी इसलिए सुरक्षित नहीं है क्योंकि, झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारी बेटियों से शादी कर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और सोरेन सरकार विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है उनके आधार कार्ड बनवा रही है और रोटी इसलिए खतरे में हैं क्योंकि जेएमएम सरकार, नौकरी और बेरोजगारी भत्ते का वादा करने के बाद भी पिछले पांच सालों में एक भी नौकरी और भत्ता नहीं दे सकी है। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे और झारखंड में माटी, बेटी और रोटी को सुरक्षित करेंगे।

### भाजपा और पीएम किसान हितैषी हैं

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने कभी भी किसानों के विकास और कल्याण के लिए कुछ नहीं किया है, जबकि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की राशि जारी की। झारखंड के पलामू इलाके में भरपूर अरहर पैदा होती है, भाजपा की सरकार अरहर का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदेगी।

### हेमंत सरकार मंईयां सम्मान के नाम पर दे रही चारा



पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा के समापन अवसर पर बोलते हुए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में होनेवाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में सरकार बदलनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोग संकल्प लेकर जायें और परिवर्तन के लिए लग जायें। राज्य की जेएमएम-कांग्रेस की सरकार से पांच वर्ष का हिसाब किताब मांगें। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को अपने कार्यकाल का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर चुनौती नहीं होगी, तो जीत का मजा नहीं आयेगा। चुनाव से पहले झारखंड की महागठबंधन सरकार वोटरों को मंईयां सम्मान योजना के रूप में चारा दे रही है। अगर इतनी ही चिंता थी, तो पांच साल पहले जब सरकार बनी थी, उसी समय इस योजना को लागू कर देते। लोग पांच वर्ष तक इस योजना से लाभान्वित होते, लेकिन जान-बूझ कर चुनावी महीने में इसे लागू किया गया, ताकि वोट बैंक बटोर सके। सभा को नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने भी संबोधित किया।

# कृषि स्टार्टअप आज की जरूरत, कल की सफलता : शिवराज सिंह चौहान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान में एग्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक के शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी यहां से ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान उन्होंने कहा, मेरी इच्छा थी कि मैं आप सभी के बीच हैदराबाद में होता, लेकिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण यह संभव नहीं हो पाया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही हैदराबाद आऊंगा और प्रत्यक्ष रूप से आप सभी से चर्चा करूंगा। उन्होंने कहा कि कई बार शॉर्ट फॉर्म के इस्तेमाल से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। इसलिए हमें इनका उपयोग नहीं करना चाहिए। एनएइएमआइ (नेमी) जो कार्य कर रहा है, उसका उचित अर्थ स्पष्ट होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि कैसे किसानों की आय बढ़ायी जाये और खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया जाये, ताकि 140 करोड़ की आबादी को भरपूर अन्न, फल, और सब्जियां मिल सकें और हम अपनी जरूरतों को खुद पूरा कर सकें। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी जिम्मेदारी है कि एक ओर आजीविका सुनिश्चित हो और दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा भी बनी रहे। हमें खेती का विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है, क्योंकि फर्टिलाइजर के दुष्परिणामों से धरती की गुणवत्ता कम हो रही है और मानव स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा संस्थान कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, बेरोजगार युवाओं और इनपुट डीलर्स को प्रशिक्षण देता है। यहां की प्लेसमेंट दर उत्साहजनक है। कृषि स्टार्टअप्स की ट्रेनिंग आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमें प्रशिक्षण के परंपरागत मॉड्यूल के साथ-साथ वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखना होगा। इस नये भवन में ग्रीन बिल्डिंग के कांसेप्ट का समावेश है, लेकिन भवन केवल शरीर है, आत्मा तो इसमें होने वाले प्रशिक्षण में होगी।

# जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी परिवारवाद और वंशवाद की पार्टी : भजनलाल शर्मा

- जेएमएम का खेलः घुसपैठियों को लाओ, आदिवासियों को भगाओ
- झारखंड का विकास रुका, परिवार का खजाना भरा
- पंजे ने देश को गंजा किया, जेएमएम ने झारखंड को ठगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देवघर में आयोजित परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। वहां उन्होंने कहा कि झारखंड पवित्र धरती है। देवघर यानी देवता का गढ़। यहां का इतिहास बहुत रोचक है। यहां महात्मा गांधी आये थे, रविंद्र नाथ आये थे, पंडित दिनदयाल उपाध्याय समेत कई महापुरुष ने इस धरती पर अपना योगदान दिया है। परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन की यात्रा है, क्योंकि झारखंड के लोगों को रोजगार मिले, किसानों और बहनों को सम्मान मिले। उनका जीवन यापन ठीक प्रकार से हो, इसलिए परिवर्तन करना है। उन्होंने हेमंत सरकार की वादाखिलाफी पर कहा कि इस सरकार ने जो घोषणा पत्र में वादे किये, उसको पूरा किया क्या? यहां कोई भी काम नहीं हुआ। हेमंत सरकार में बड़े-बड़े घोटाले हुए हैं, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इस बात को जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के लोग भी जानते हैं। झामुमो परिवार की पार्टी है, ये वंशवाद की पार्टी है। परिवारवादी पार्टियां देश, समाज, मजदूर, किसान, युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ नहीं करने वाली हैं। ये वे लोग हैं, जो अपने परिवार की सेवा करते हैं और अपने परिवार को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस और जेएमएम ने यहां के लोगों के लिए क्या सोचा? मैं कहना चाहता हूं कि जेएमएम का पिछला घोषणा पत्र पढ़ लीजिए, आपको पता चल जायेगा कि उन्होंने क्या वादा किया था और कितना पूरा किया। कांग्रेस ने भी कई घोषणाएं की थीं, लेकिन उन पर काम किया क्या? जब चुनाव आते हैं, तो ये लोग लूट और झूठ की कहानियां गढ़ते हैं। ये लूट और झूठ के अलावा कुछ नहीं करते, और जब चुनाव करीब आते हैं, तो हमारे मजदूर, किसान और आदिवासी भाइयों को बहकाने के लिए नयी रणनीति बनाते हैं। केंद्र की भाजपा सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 2014 से पहले देश की स्थिति कैसी थी, याद कीजिए। आतंकवाद और नक्सलवाद से पूरा देश परेशान था, लेकिन आज नक्सलवाद कहीं नजर आता है क्या? इस देश और राज्य में अगर किसी ने गरीब कल्याण की योजना लागू की है, तो वह हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। गरीबों और किसानों के हित की बात अगर किसी ने की है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने की है। गांवों तक सड़क पहुंचाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा था। आज तक किसी ने किसान सम्मान निधि देने का काम किया था क्या? लेकिन इस काम को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ही किया। उन्होंने कहा, जब चुनाव आते हैं, तो इंडी गठबंधन झूठे वादे और झूठी बातें करके जनता को बरगलाने का काम करता है। यहां के आदिवासी लोगों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया था और संघर्ष किया था। हमारे पूर्वजों ने यह लड़ाई इसलिए लड़ी थी, ताकि आज की सत्ता और आने वाली पीढ़ियां ठीक से काम कर सकें और जनता को उनका हक मिल सके। आदिवासियों ने अपने जीवन का त्याग करके, दूसरों के जीवन की भलाई के लिए संघर्ष किया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने, जिस तरह पूरे देश में तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के आधार पर इस देश और झारखंड प्रदेश को चलाने का काम किया। कांग्रेस और जेएमएम एक दूसरे के प्यारे हो गये हैं, क्योंकि दोनो भ्रष्टाचारी हैं। उन्होंने जनता के साथ धोखा किया। कांग्रेस- झामूमो सिर्फ जनता को बरगलाकर भ्रष्टाचार करना चाहते हैं। कार्यक्रम में भाजपा परिवर्तन यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश भी उपस्थित थे।

# हेमंत के पत्र में ही उनका उत्तर समाहित है: हिमंता बिस्वा सरमा

- हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि उनकी पत्नी आदिवासी सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ीं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट की टिप्पणी है कि राज्य को घुसपैठियों ने हाइजैक कर रखा है। मंत्री इरफान अंसारी को इस बारे में सोचना चाहिए। वह शनिवार को रांची हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही नियुक्ति मामले में जांच का दायित्व राज्य सरकार का है। अगर उन्हें लगता है कि उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख सकते हैं। अगर वे ऐसा करते हैं, तो भारतीय जनता पार्टी उसका स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी, जदयू और भाजपा के साथ गठबंधन होगा। 99% सीटों पर फैसला हो चुका है। कुछ सीटों की ही चर्चा बाकी है। पितृ पक्ष समाप्त होते ही गठबंधन की घोषणा कर दी जायेगी। एक सवाल के जवाब में श्री सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन के पत्र का जवाब मैं दूंगा। हालांकि जवाब वे खुद जानते हैं। श्री सोरेन को यह बताना चाहिए कि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड के किसी आदिवासी के लिए आरक्षित सीट से चुनाव क्यों नहीं लड़ीं। उत्तर उनके घर में ही है। यह उत्तर हमें देने की जरूरत नहीं है। घर में ही प्रतिदिन उन्हें उत्तर मिल रहा है। इसके बाद भी उन्होंने लिखित जवाब मांगा है, तो समय मिलते ही उन्हें मैं जवाब दूंगा।

# हेमंत के राज में लूटी जा रही आदिवासियों की जमीन और इज्जत : बाबूलाल मरांडी

- सीएनटी एक्ट का सबसे ज्यादा उल्लंघन खुद हेमंत सोरेन ने किया है
- ऑनलाइन म्यूटेशन के नाम पर अधिकारी कर रहे गरीबों के साथ खेला
- झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही, बंग्लादेशी घुसपैठियों को भाजपा चुन-चुन कर निकालेगी बाहर
- युवाओं को नौकरी नहीं दी, लेकिन दौड़ा कर ले ली उनकी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोड़ैयाहाट, चक्रधरपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पोड़ैयाहाट मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा अगर कोई प्रभावित हुआ है, तो वह है हमारा आदिवासी समाज। प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन, आदिवासियों की इज्जत लूटी गयी है। सरकार ने 1000 करोड़ का खनन घोटाला किया है। साथ में सेना की जमीन को भी लूट खाया, हेमंत सरकार ने झारखंड को लूट, झूठ के सिवाय कुछ नहीं दिया है।

**भाजपा ही करेगी माटी, बेटी और रोटी की रक्षा :** बाबूलाल ने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों की माटी, रोटी और बेटी की रक्षा कर सकती है। उन्होंने कहा कि 1951 में आदिवासियों की संख्या 36 प्रतिशत थी, जो घट कर 26 प्रतिशत हो गयी है। वहीं संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी, जो घट कर 28 प्रतिशत हो गयी है। झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है।



### ऑनलाइन म्यूटेशन के नाम पर हो रहा खेल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड का बालू मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में बेचा जा रहा है। पहाड़ के पहाड़ गायब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन ने ही सीएनटी एक्ट का सबसे अधिक उल्लंघन किया है। सीएनटी एक्ट में फर्जीवाड़ा कर आदिवासियों की जमीन बेच दी गयी है। बाबूलाल ने कहा कि ऑनलाइन म्यूटेशन के नाम पर लोगों की जमीन में गड़बड़ी की गयी है और अब जब लोग जमीन का दस्तावेज ठीक कराने जा रहे हैं तो अफसर उनसे पैसा मांग रहे हैं। भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में अफसर जाकर लोगों की जमीन के दस्तावेज ठीक करेंगे। अगर नहीं करेंगे तो उन्हें जेल भेजा जायेगा।

### हेमंत ने सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादाखिलाफी की है। चुनाव के समय पांच लाख नौकरी देने का वादा, गरीबों को साल में 72 हजार रुपये, महिलाओं को 2,000 रुपये चूल्हा खर्च, बेटी की शादी में सोना का सिक्का देने का वादा, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन किसी को कुछ मिला क्या? 10 लाख से अधिक हरा कार्ड बना कर सबको फ्री में राशन देने का वादा किया था, लेकिन सब खोखला साबित हुआ। हेमंत सोरेन ने पांच साल तक सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया। इस सरकार ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरी है। उन्होंने कहा कि नौकरी देने के नाम पर हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के युवाओं को दौड़ा-दौड़ा कर मार डाला।

**बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण बदल रही डेमोग्राफी :** उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठी के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो बंग्लादेशी घुसपैठी को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया और राष्ट्रपति बनाया है।

www.epaper.azadsipahi.in

29 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 339

'सेवा और सुरक्षा' ओड़िशा पुलिस का मूल मंत्र है : मोहन चरण माझी



### मुख्यमंत्री ने 444 आइटीआइ प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# हजार चुनौतियां आयीं, लेकिन हमने कभी हार नहीं मानी: हेमंत

- हमने रिकॉर्ड समय में जेपीएससी की परीक्षा पूरी कर नौकरी दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को जैप-1 ऑडिटोरियम में थे। मौका था 444 आइटीआइ प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने का। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने रिकॉर्ड समय में जेपीएससी की परीक्षा ली और परिणाम निकाला, नौकरियां बांटीं। सरकार बनने के साथ ही हम सिर्फ चुनौतियों से जूझ रहे, लेकिन कभी घबराये नहीं, अडिग रहे। आइटीआइ से पासआउट लोगों को राज्य बनने के बाद एकाध बार नौकरी मिली होगी। जो युवा यहां नियुक्ति पा रहे हैं, वे राज्य को संवारेंगे। आपने सरकार के द्वारा चलाये जा रहे पॉलटेक्निक केंद्रों में अपने को तराश कर अपने लिए एक दिशा बनायी है। सरकार की नीतियों के अनुसार आपको राज्य के विभिन्न और देश की अन्य कंपनियों में काम करने का मौका मिलेगा। अब आप बड़े स्केल में पॉलिटेक्निक के क्षेत्र में जायेंगे, जहां आपको और निखरने का मौका मिलेगा। सीएम ने कहा कि यह आपका पहला पड़ाव है, जहां मुझे बताया गया है कि टाटा ग्रुप, जिंदल, मेकॉन, सीसीएल जैसी कंपनियों में निजी और सरकारी क्षेत्रों में भी जाने का मौका मिलेगा।



## हमारी सरकार बनते ही कोरोना काल आ गया

सीएम ने कहा कि हम नहीं कह सकते हैं कि हमने शत-प्रतिशत सारा काम पूरा किया। हमने सरकार बनायी, तो दो साल तक कोरोना की उठापटक थी। आप लोगों ने अभी अभी शिक्षा ग्रहण किया है। आपको पता है कि साल में कितने दिन तक कार्यालय चलते हैं। इतने कम समय में चाहे जेपीएससी के माध्यम से हो, जेएसएससी के माध्यम से हो, चाहे अलग-अलग विभागों का नियुक्ति पत्र वितरण हो या एग्जाम कंडक्ट करने की प्रक्रिया चल रही हो, ये सारी प्रक्रियाएं तेजी से चल रही हैं। ये सब करने के लिए जो उसके आवश्यक विषय थे, उन सभी को जोड़ना पड़ा। पता चला कि किसी संवर्ग में किसी की नियुक्ति होनी है, लेकिन नियुक्ति नियमावली ही नहीं है। उन सभी नियुक्ति नियमावली को बनाया गया। जेपीएससी की नियुक्ति नियमावली बनी। रिकॉर्ड तोड़ समय में हमने जेपीएससी के जरिए बीडीओ, सीओ, कलक्टर बनाया। चुनौतियां इस बार विशेष रूप से रही हैं, लेकिन हम लोगों ने कभी हार नहीं मानी। हम लोगों ने कभी थकान महसूस नहीं की, क्योंकि आम लोगों का समर्थन हमेशा प्राप्त हुआ है। यही कारण है कि आज आप लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

### अब समय का अभाव है

हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में अब तकनीक की दुनिया है। इसमें कहीं ना कहीं हर व्यक्ति के पास दक्षता आवश्यक है। हुनरमंद होना आवश्यक है। लोगों की रफ्तार बढ़ी हुई है। अब आप लोग एक ऐसे समय में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां आप अपनी सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। राज्य बनने के बाद पहली या दूसरी बार आइटीआइ प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने 22 युवाओं को मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति का स्वीकृति पत्र सौंपा

# विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप पानेवालों की संख्या बढ़ायी जायेगी: हेमंत

- यह रांची मुख्यालय से नहीं, गांव से चलनेवाली सरकार है
- 795 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया
- 3700 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार अपने प्रयास से राज्यवासियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर उन्हें सम्मान देने का कार्य कर रही है। आज यहां कल्याण विभाग सहित सभी विभाग के पदाधिकारी लगातार मेहनत कर रहे हैं। कल्याण विभाग बहुत बड़ा विभाग है, जो शहर से लेकर गांव तक लोगों का ध्यान रखता है। हमारे गरीब-गुरबा लोगों को कोई भी चीज बहुत आसानी से नहीं प्राप्त होती है। इनके लिए अब तक जो नीति निर्धारण हुए हैं, वे कारगर नहीं थे। पूर्व की सरकार में योजनाएं तो बनायी गयीं, लेकिन उसका लाभ गरीबों को नहीं मिल पाया है। हमारी सरकार ने लंबे समय तक इस बात को महसूस किया और यह हमें हमेशा से देखने को मिला है। हमारी सरकार ने जनहित की योजनाओं का रूप ऐसा बनाया है, ताकि सीधे आप सभी को उसका लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं कि यह रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांव से चलने वाली सरकार है। राज्य में ऐसे भी गांव हैं, जहां के लोगों ने प्रखंड के अधिकारियों को नहीं देखा है, लेकिन अब समय बदल रहा है। अब प्रखंड कार्यालय और जिला से लेकर हेडक्वार्टर के पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और आपको राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। अब समय बदल गया है। मुख्यमंत्री शनिवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र, शिलान्यास और परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## किसी राज्य में नहीं है विदेश में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए युवा आये हैं। उन्हें स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। युवा ही बतायें कि देश का कौन सा ऐसा राज्य है, जहां शत प्रतिशत स्कॉलरशिप पर विदेश में उच्च शिक्षा दी जा रही हो। इस राज्य के नौजवानों में उच्च शिक्षा के लिए इतनी उत्सुकता है, यह मुझे पता नहीं था। पहले हम लोगों ने छात्रों की संख्या को कम रखा, लेकिन बड़ी तादाद में बच्चे आने लगे। फिर इसकी संख्या बढ़ायी गयी। कई बच्चे पढ़ कर वापस आये। कइयों को वहीं रोजगार प्राप्त हो गया। अभी मंत्री जी ने आग्रह भी किया है कि इस बार अधिक आवेदन आये हैं। कई बच्चे उसमें शामिल नहीं हो पाये हैं। इसकी संख्या बढ़ाने की बात कही गयी है। निश्चित रूप से अगर हम 25 बच्चों को विदेश में शिक्षा के लिए भेज सकते हैं, तो एक सौ बच्चों को क्यों नहीं भेज सकते? इसमें नीति निर्धारण की आवश्यकता है। मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा। इसके दायरे कहां-कहां तक ले जा सकते हैं, इस पर विचार कर ठोस निर्णय के साथ आगे बढ़ेंगे।

## सभी पात्र लोगों को मिला सर्वजन पेंशन योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गठन के बाद कई चुनौतियां हमारे समक्ष रहीं। महत्वपूर्ण दो वर्ष तो कोरोना जैसी महामारी में गुजर गया। जब जीवन सामान्य होने लगा, तो आपके गांव, पंचायत में शिविर लगाकर जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा आपकी समस्याओं को सुनकर उसका निदान किया गया। अब गांव, पंचायत, टोला में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार को गांव की असली सूचनाएं आने लगीं। समस्याएं कई हैं। गरीब-गुरबा के पास समस्या हमेशा मुंह बाये खड़ी रहती है। उन समस्याओं का एक-एक कर समाधान करना हमारी सरकार ने शुरू किया और इसके तहत पहला कदम 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के वृद्ध लोगों को बुढ़ापे की लाठी देने का काम किया। हर वृद्ध, विधवा महिला, दिव्यांग को पेंशन देने का काम हुआ। यह देश का पहला राज्य बना, जहां सभी जरूरतमंद को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार ने योजनाओं के नाम पर दलाली करने वाले बिचौलियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। अब कानून ऐसा बना है कि दलाल के पास जाने जाने की जरूरत नहीं है। लोग अगर 50 वर्ष के हो गये, तो आधार कार्ड लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास जायें, तत्काल वृद्धा पेंशन का कार्ड बन जायेगा।

## राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से कर रहे हैं मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुकी हर बहन-माता को योजना का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार राज्य की नारी शक्ति को सम्मान देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। राज्य के नौजवानों को नौकरी देने के लिए कई प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। राज्य के आदिवासी, मूलवासियों की हितों के लिए हमारी सरकार ने झारखंड विधानसभा से सरना धर्म कोड पारित कर केंद्र सरकार को भेजा, लेकिन उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हमारी सरकार ने स्थानीय नीति बनायी। उस पर ग्रहण लगा दिया गया। हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान दिया, बच्चों को नौकरी के लिए एग्जाम दिलाया। पूर्व की सरकारों ने ऐसा क्यों नहीं किया? सिर्फ झारखंड ही इस देश में ऐसा राज्य है, जहां हम गरीबों को रोटी, कपड़ा, मकान, बच्चों के शिक्षा के लिए ऐसा रास्ता खोलने का प्रयास कर रहे हैं जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। आज राज्य के बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनके लिए हमारी सरकार ने गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना लागू की है। इस योजना का लाभ लेकर आप अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी अधिकारी, वकील, पत्रकार इत्यादि बना सकते हैं। गुरूजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बिना कोई गारंटी के बैंक आपको 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध करायेगा।

**20 लाख परिवारों को देंगे पक्का मकान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से झारखंड के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। पूर्व की सरकारों ने राज्य के किसानों के साथ भी न्याय नहीं किया है। हमारी सरकार अब यहां के किसानों के दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है। राज्य सरकार झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है, वहीं पुराने बिजली बिल को माफ भी किया गया है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष, झारखंड गौ सेवा आयोग राजीव रंजन प्रसाद, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### तांतनगर पहुंची मंईयां सम्मान यात्रा, जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

# कोल्हान ना झुका है, न कभी झुकेगा : कल्पना




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तांतनगर/चाईबासा।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने शनिवार को तांतनगर में शहीद गंगाराम कालुंडिया को नमन कर मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की। मंझारी और कुमारदुंगी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आंदोलनकारियों की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के समय में भी लड़ाई लड़ते हुए जल, जंगल, जमीन, पेड़, पहाड़, बुरु सबको बचाने के लिए निरंतर संघर्ष किया है। यह कोल्हान की वीर भूमि है। हमारे शहीदों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि कोल्हान कभी झुकता नहीं है। कभी समझौता नहीं करता और कोल्हान कभी किसी से डरता नहीं है। यह सीख, यह प्रेरणा लेकर हम निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं। आपको झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा को समझना है, आपको झारखंड के हर एक शहीद सिपाही के बारे में जानना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा गरीब, गुरबा लोगों को आगे बढ़ा रहा है। आपके मन में हिम्मत है, साहस है। आपका विश्वास, आपका आत्मविश्वास यह सिखाता है। आप लोगों को पता ही है कि किस तरीके से मेरा सफर रहा है।

**हेमंत के साथ पूरा राज्य खड़ा है, वे अकेले नहीं हैं :** कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य की महिलाएं और पूरा राज्य हेमंत सोरेन के साथ खड़ा है। आप लोग बातें सभी की सुनें, लेकिन सही को चुनें। हेमंत सोरेन को बिना सबूत के जेल में डाल दिया गया। पिछले 10 वर्ष से केंद्र में भाजपा सरकार बैठी है। 1.36 लाख करोड़ का बकाया नहीं दे रही है। हेमंत सोरेन राज्य को समृद्ध करने में लगे हैं। कल्पना ने कहा कि विपक्षी चाहते हैं कि कोल्हान समझौता करे, लेकिन उन्हें मालूम नहीं कि जब कोल्हान की जनता अंग्रेजों के आगे नहीं झुकी, अंग्रेजों के साथ समझौता नहीं किया, तो बाहरी लोगों को कैसे बर्दाश्त कर सकती है।

मौके पर कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी, मझगांव विधायक निरल पूर्ति, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन समेत अन्य मौजूद थे।

## हेमंत जी चाहते हैं कि सभी महिलाएं स्वावलंबी बनें

कल्पना सोरेन ने कहा कि आप लोगों के प्यार की वजह से जोबा मांझी सांसद हैं। आप लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर विश्वास जताया है। हम सभी मिल कर निरंतर लड़ने के लिए तत्पर रहते हैं। आज हम लोग महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं। एक दूसरे का उदाहरण देते हैं। आपको जान कर खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाखों महिलाओं को 11 हजार करोड़ क्रेडिट लिंक से जुड़वाया है, ताकि वे स्वावलंबी हो सकें। वे खुद को मजबूती से खड़ा कर सकें। महिलाएं अपनी तकलीफों का समाधान करते हुए आगे बढ़ सकें। कल रात्रि चौपाल में भी कुछ महिलाओं ने अपने अनुभवों से हमको अवगत कराया था। हमारे पास जो संपत्ति है, वह हमारा आचरण और यह हमारा खजाना है। हेमंत सोरेन झारखंड के आदिवासियों के लिए और खास कर कोल्हान में हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मंईयां सम्मान योजना महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए लायी गयी है। इस योजना से बीजेपी को बहुत तकलीफ हो रही है। योजना को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सोरेन अकेला दिखता है, अकेला है नहीं।

### चतरा विधानसभा राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ता सम्मेलन

# राजद ने झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** स्थानीय चतरा कॉलेज मैदान में राजद का चतरा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राजद प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने अपने विचारों को रखा एवं आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकने के संकल्प को दुहराया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, मंत्री सत्यानंद भोगता, जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र यादव, औरंगाबाद के सांसद कुशवाहा , झारखंड के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता देवी, प्रदेश महासचिव रश्मि प्रकाश, चतरा जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी समेत सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीएड कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अवलोकन कार्य हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। बीएड पाठ्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर अवलोकन का कार्य किया जाना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अवलोकन कार्य के महत्त्व पर कहा की इससे प्रशिक्षुओं को विद्यालय क्रियान्वयन और कौशलपूर्ण शिक्षण कार्य में सहायता मिलती है। मौके पर कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद और समस्त प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## जीएस स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित जीएस पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार को टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया( जिसमें उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें ट्रेनिंग में बच्चों के बेहतर पढ़ाई से संबंधित जरूरी मुद्दे पर चर्चा की गयी। आयोजित ट्रेनिंग में रिसोर्स पर्सन शिक्षक अमनदीप और केके पाठक के द्वारा विषयवार मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त, समृद्ध, और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता, और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अन्धविश्वास, और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती है। उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि ज्ञान का दीप जलाकर अपने जीवन को सुमार्ग पर ले जायें और समाज को शिक्षित बनने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि हमे अपनी विद्यालय परिसर में विविधता और समावेश को बढ़ावा देने की जरूरत है।

## मनातू में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनातू में जीतिया पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूम धाम से मेला का आयोजन किया गया। मेला का बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव मेला में सम्मिलित होकर मंच का विधिवत दीप प्रज्वलित और फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके पूर्व में मंत्री योगेंद्र साव को फुल माला पहनाकर ढोल नगाड़े और गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मंच में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम विधिवत शुभारंभ किया गया। वही पूर्व मंत्री अपने संबोधन में कहा की जीतिया पूजा का मुख्य उद्देश्य संतान के स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करना है। माताएं इस दिन उपवास रखकर विशेष अनुष्ठान करती हैं और अपने बच्चों के लिए पूजा अर्चना करती हैं। यह पर्व मातृत्व के प्रति समर्पण और प्रेम को दशार्ता है। मौके पर मुखिया देवंती देवी, अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंझु, सचिव धनु मास्टर,हैवई पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, पंचायत समिति सदस्य साजन पासवान, पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति, प्रकाश गंझू, भोला गंझू, रमेश यादव, कार्तिक, किशोर, नारायण गंझू, दशरथ, बबलू, धनेश्वर राम, बीरबल, गणेश साव, मनोज प्रजापति, दीपक, रोहन गंझू, विनोद गंझू, गोपाल, महेंद्र यादव सहित भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता का अर्थ हैं-स्वच्छ रहना अर्थात साफ रहना स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवता को बढ़ाती है। यह हमें और हमारे वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनता है। हमारे लिए शरीर की स्वच्छता भी बहुत जरूरी है जैसे रोज नहाना, नाखुन काटना, दांत साफ करना और प्रत्येक दिन साफ पानी पीना चाहिए विद्यालय निदेशक ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में पानी और खाने की तरह ही आवश्यक है और विद्यालय प्राचार्या ने कहा स्वच्छता में ईश्वर का वास है स्वच्छता हमें मानसिक शारीरिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने सभी कैडेट्स को शुभकामनायें देते हुए कहा की स्वच्छता अपनाएं और देश को आगे बढ़ाएं।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर केरेडारी थाना परिसर में शनिवार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मानने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अमित कुमार ने की। जबकी संचालन थाना प्रभारी अजीत कुमार ने किया। इस बैठक में थाना परिसर में हिंदू, मुस्लिम दोनों समुदाय आपस में एक दूसरे के साथ त्योहार शांति सौहार्दपूर्ण से मानने को लेकर सहमति बनायी गयी। वही बीडीओ ने कहा कि केरेडारी प्रखंड आज तक किसी प्रकार की दुर्गा पूजा में सौंदर्य बिगड़ना की बात नहीं आयी है। इस वर्ष भी आप लोग शांतिपूर्ण इस त्योहार को भाईचारे के साथ मनाएं। वही इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह की बातों में न आ कर सच्चाई को पता लगाकर कोई भी कार्य करें। किसी तरह से कुछ होता है तो तुरंत थाना को फोन करे ताकि समय रहते पुलिस प्रशासन उस पर कर्रवाई कर सके। केरेडारी थाना परिवार आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा है किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो तुरंत जानकारी दिया जाये। इस मौके पर बीडीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी अजीत कुमार, मुखिया जितनी देवी, दिनेश साव, एसआई टिंकू सिंह, मुखिया झरीलाल महतो, बालेश्वर कुमार, कैलाश महतो, निरंजन साव, चंद्रिका रजक, प्रीतम साहू, गुरदयाल साव, मोहम्मद रफीक, अमित प्रसाद गुप्ता, बसंत यादव, महेंद्र रजक, जागेश्वर कुमार समेत दोनों समुदाय दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चौकीदार को तीन माह से नहीं मिला था वेतन, जहर खाकर दे दी जान

### मौत के बाद परिजनों ने प्राथमिकी का दिया आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** सरकारी विभाग के कामों में लेट लतीफी से हर कोई वाकिफ है। लेकिन जिम्मेदार पदाधिकारी के लापरवाही की कीमत किसी को जान देकर चुकानी पड़ रही है। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में कार्यरत एक चौकीदार का 3 महीने से वेतन निर्गत नहीं होने पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे चौकीदार ने ड्यूटी के दौरान उपायुक्त कार्यालय के समीप जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र के खरकोट्टा निवासी चौकीदार सुरेंद्र पासवान समाहरणालय परिसर में कार्यरत थे। विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी के द्वारा पिछले 3 महीने से वेतन का आवंटन नहीं मिलने की जानकारी देते हुए उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था। चौकीदार लगातार प्रशाखा पदाधिकारी के समक्ष अपने घर की खराब आर्थिक स्थिति और वेतन नहीं मिलने से बाजार में उनके ऊपर के विभिन्न प्रकार के कर्जों का जिक्र करते हुए वेतन भुगतान के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। शुक्रवार को एक बार फिर प्रशाखा पदाधिकारी के द्वारा वेतन भुगतान दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर चौकीदार ने समाहरणालय परिसर में ही जहर खा लिया। इसके बाद जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्होंने समाहरणालय में मौजूद अन्य लोगों को जहर का सेवन करने की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान चौकीदार ने पदाधिकारी पर प्रताड़ित करने को लेकर मीडिया में बयान भी दिया।

**प्रशाखा पदाधिकारी पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग**

सदर अस्पताल कोडरमा में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चौकीदार को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। सदर अस्पताल में मृतक के पुत्र सकलदेव पासवान ने बताया कि पिता को करीब 3 महीने से प्रशाखा पदाधिकारी सना उस्मानी के द्वारा वेतन निर्गत वाउचर पर हस्ताक्षर करने से मना किया जा रहा था और वेतन की मांग करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वेतन नहीं मिलने से घर का अधूरा निर्माण कार्य बाधित था, उनका और उनकी माता का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था और बाजार में भी कई तरह का कर्ज हो गया था। जिसको लेकर वह अक्सर परेशान रहते थे। इधर घटना के बाद मृतक की पत्नी मुनिया देवी ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर प्रशाखा पदाधिकारी पर प्रताड़ित करने और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## चौकीदार बहाली की दौड़ में दो अभ्यर्थी बेहोश



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले में चल रहे चौकीदार बहाली दौड़ में शनिवार को दो अभ्यर्थी बेहोश हो गये। बताया जाता है कि लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों की चंदवारा में दौड़ की परीक्षा हो रही थी। चौकीदार बहाली दौड़ के लिए सभी अभ्यर्थियों को 6 मिनट में 1600 मी की दौड़ लगानी थी। इसी बहाली प्रक्रिया में दौड़ लगाने के क्रम में दो अभ्यर्थी अचानक बेहोश होकर गिर गये, जिन्हें प्रशासन और मौके पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल मे बेहोश हुए युवक और युवती का इलाज चल रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थी की पहचान धीरज कुमार (19, पिता कृष्णा यादव, जयनगर) और निशा रानी (25, पिता ओम साईं राम, करमा) के रूप में हुई है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से इनके परिजनों को सूचना दे दी गयी।

# मवेशी लदा वैन जब्त, चालक गिरफ्तार

### पिकअप वैन जांच करने पर सात मवेशी दो बछड़े क्रूरतापूर्वक बंधा पाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-बगोदर सड़क मार्ग एनएच 522 स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के समीप शुक्रवार की सुबह मवेशियों से लदे दो पिकअप वैन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जिसमे एक मवेशी लदे पिकअप वैन चकमा देकर भाग निकला। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी विष्णुगढ़ पुलिस को दी गयी। पुलिस बल मौके पर पहुंच कर मवेशियों से लदे एक पिकअप वैन (बीआर 03जीबी 5526) को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में बताया गया कि



हजारीबाग की ओर से दो पिकअप वैन आ रही थी, इस दौरान एनएच 522 स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के समीप ग्रामीणों को आशंका होने पर पिकअप वैन को रोककर चालक से पूछताछ करने लगे, इसी बीच मवेशी से लदे एक पिकअप वैन भाग निकला, दूसरे पिकअप वैन जांच करने पर सात मवेशी दो बछड़े क्रूरतापूर्वक बंधा पाया गया। जिसे सभी मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधकर भोजपुर से धनबाद की ओर ले लाया जाया जा रहा था। विष्णुगढ़ पुलिस ने मवेशियों से लदे पिकअप वैन को जब्त कर चालक सोनू कुमार पिता दशरथ सिंह ग्राम मठिया थाना जिला भोजपुर (आरा)को गिरफ्तार किया गया । मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सागेंन मुर्मू ने कहा कि सभी मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधकर तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी घटना है, पिछले सप्ताह भी पांच मवेशियों से लदे एक पिकअप वैन को पुलिस ने जब्त किया था।

## मारपीट में घायल की मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंचायत महुगांय स्थित ग्राम बरवाडीह में मारपीट में घायल 54 वर्षीय महादेव राम पिता स्व शंकर राम की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। मृतक के पुत्र ने बताया कि 18 अगस्त की शाम मेरे पिता महादेव राम घर पर थे। इसी क्रम में मेरे घर के बगल के संतोष राम पिता स्व सुखदेव राम से कुछ बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। कहा सुनी के बाद संतोष राम ने मेरे पिता के उपर टांगी से हमला कर दिया। जिसमें वो बुरी तरह घायल हो गये। घायल के बाद उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वहीं मौत के बाद कोडरमा थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस मामले पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव चंद्रवंशी दीपक नवीन ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

## मानसरोवर पब्लिक स्कूल में भगत सिंह की मनी जयंती

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में शहीद सरदार भगत सिंह का जयंती मनायी गयी। इस मौके पर मानसरोवर पब्लिक स्कूल के निदेशक महेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल सोनू कुमार और शिक्षकों के द्वारा भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने बच्चों को भगत सिंह के बारे में विस्तार से बताये। उन्हें अपने देश के संसाधनों को बचाने, देश से प्रेम करने की शिक्षा दी। इस अवसर पर सभी शिक्षकों के द्वारा अनुशासन पर ड्रामा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, दुलारचंद कुमार, कौशल पांडे, मनीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, एकता कुमारी, नूरी अनवर, निधि कुमारी, मनीषा, दीपा कुमारी, योगेश कुमार, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, बबलू यादव समेत सभी छात्र उपस्थित थे।

# बरही में फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले धुएं से जन-जीवन प्रभावित

### पंचायत समिति सदस्या अख्तरी खातुन ने उठाई ग्रामीणों की सेहत का मुद्दा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के कोनरा पंचायत समिति सदस्या अख्तरी खातुन ने कोनरा में स्थापित फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले धुएं और पानी के कारण ग्रामीणों की सेहत पर गहरा असर पड़ने का आरोप लगाया है। कोनरा पंचायत समिति सदस्या अख्तरी खातुन ने इस संबंध में एक पत्र लिखकर मीडिया और संबंधित अधिकारियों से इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में स्थित विभिन्न



फैक्ट्रियों से काफी मात्रा में जहरीला धुआं निकल रहा है, जिसके कारण स्थानीय लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। विशेष रूप से टीबी जैसी गंभीर बीमारी का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। बच्चों पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं से जानवरों, पक्षियों और पेड़-पौधों पर भी गंभीर असर डाल रहा है। अख्तरी खातुन ने बताया कि पेड़-पौधे सूख रहे हैं और जल स्तर भी लगातार नीचे गिरता जा रहा है, जिससे क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत हो गयी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सेहत और पर्यावरण पर हो रहे इस नुकसान को रोकने के लिए इन उद्योगों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि ग्रामीणों को इस संकट से निजात मिल सके। उन्होंने इस मामले को उजागर करते हुए ग्रामीणों की सेहत और पर्यावरण की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# जिज्ञासु रंजन का राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम में चयन होने से झारखंड का बढ़ा गौरव

### जिज्ञासु ने तीरंदाजी की प्रेरणा अपने पिता देवेंद्र से लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव गोविंदडीह निवासी शिक्षक देवेंद्र कुमार का पुत्र जिज्ञासु रंजन का तीरंदाजी के राष्ट्रीय स्तर में चयन होने से बड़कागांव ही नहीं बल्कि झारखंड का नाम रोशन हुआ है। जिज्ञासु रंजन बहुत ही कम समय में यह उपलब्धि हासिल किया है। जिज्ञासु रंजन का उम्र 14 वर्ष हो रहा है। जिज्ञासु रंजन जमशेदपुर में हुए सीबीएसइ ईस्ट जॉन आर्चरी चैंपियनशिप में सिल्वर और ब्रांच पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया है। यह खेल झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश स्तरीय हो रहा था। इसलिए इसका चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी खेल में



चयन हुआ है। जिज्ञासु रंजन 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय तिरंदाजी खेल दिल्ली में भाग लेगा और ईस्ट जॉन झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश के लिए नेतृत्व करेगा। जिज्ञासू के दादा जयनाथ महतो ने बताया कि तीरंदाजी का प्रेरणा जिज्ञासु रंजन को उसके पिता देवेंद्र कुमार से मिला है। उसके पिता देवेंद्र कुमार ने जिज्ञासु रंजन के अंदर प्राकृतिक रूप से आर्चरी की प्रतिभा देखा। तब उसने इस खेल के लिए प्रेरित किया,और बड़कागांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर में कोच अमित कुमार सिंह और दुर्गेश कुमार इसका प्रशिक्षण दिलाया। जिज्ञासु रंजन फिलहाल बड़कागांव के आइलेक्स पब्लिक स्कूल में नौवीं की छात्रा है।

इस संबंध में कोच दुर्गेश कुमार ने कहा है कि जिज्ञासु रंजन के अंदर काफी प्रतिभा है।वह प्रैक्टिस में भी बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करता है। जिज्ञासु रंजन ने आज बेहतर प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है।

## जिज्ञासु रंजन प्रतिभा का धनी है

जिज्ञासु रंजन की मां पिंकी देवी ने बताया कि जिज्ञासु में बचपन से ही प्रतिभा है। इसके पिता अपने प्रतिभा को जिज्ञासु में समर्पित कर दिया। इसीलिए प्रखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर पर कई मेडल जीतकर नाम रोशन किया। जिला स्तरीय 2023 में 20 मीटर और 30 मी आर्चरी में ब्रांच पदक जीता। अगस्त 2023 में ही राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लिया था। जिज्ञासु रंजन का नेशनल गेम में चयन होने पर उनके दादा जयनाथ महतो, दादी लाखों देवी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, प्राचार्य दीपक कुमार, आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, चेतलाल राम, कमलेश श्रीवास्तव, राजू कुमार समेत अन्य शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने बधाई दिया।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्य समिति की बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी भैया बांके बिहारी लाल उपस्थित हुए। इस दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बैठक में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने और मंडल कमेटी और संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावे मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न शक्ति केदो में प्रभारी नियुक्त किया गया। इस मौके पर मौके पर मिथिलेश पाठक, संतोष मंडल, राजु यादव, महेश अग्रवाल, राजेश यादव, अरूण सिंह, उपेन्द्र पांडेय, प्रविल प्रसाद, सुरेंद्र राणा, शंकर प्रसाद, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, मिथलेश प्रसाद, बद्री भुइयां, शंकर वर्मा, सुखदेव पांडेय, विजय ठाकुर, कृष्णा साव, पंकज मंडल, निखिल सिंह, परमेश्वर प्रसाद, सुरेन्द्र राणा, जयप्रकाश ठाकुर, जीवाधन प्रसाद, भोला शर्मा, बजरंगी साव, सुरेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण लेने वाले 173 अभ्यर्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नगर निगम द्वारा शनिवार को सूचना भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि महिलाओं के इस प्रशिक्षण से उद्यम के सहारे अपने जीविकोपार्जन और जीवन को समृद्ध बनाया है। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडेय, सिटी मैनेजर मधु कुमारी, सूर्या एजूकेशन वेलफेयर सोसायटी के सचिव राजेश सिन्हा और प्रोग्राम कॉर्डिनेटर अंकुज राणा मौजूद थे। पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 173 लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया है। महिलाओं की सम्मान और सशक्तिकरण के साथ- साथ स्वरोजगार से जोड़ने के लिए बैंकों से लिंकेज ऋण मुहैया कराया गया। इसमें फुटपाथ दुकानदार, एसईजी महिला ग्रुप समेत कई लोग शामिल हुए।

## सहायक अध्यापकों से किये अपने वादे से मुकर गयी राज्य सरकार: ऋषिकांत तिवारी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** राज्य की जेएमएम नित हेमंत सरकार पूरी तरह से सहायक अध्यापकों को छलने का कार्य किया है। हेमंत सरकार चुनाव पूर्व जो 3 माह में वेतनमान देने की घोषणा की वह 5 वर्षों में भी पूरा नहीं कर सकी, सिर्फ चुनावी घोषणा बन कर रह गयी। इससे सहायक अध्यापकों में घोर निराशा के साथ आक्रोश है। जिस सरकार को बनाने में पारा शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अंततः इस सरकार से भी निराशा ही हाथ लगी। 5 सालों तक सरकार सिर्फ आश्वासन और वार्ता-वार्ता का खेल खेल रही है, यदि तत्काल वार्ता के लिए झारखण्ड राज्य सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ को आमंत्रित नहीं करती है तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उक्त बातें संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि सहायक अध्यापक सेवासर्त नियमावली- 2021 में वर्णित अनुकम्पा, इपीएफ को भी आज तक सरकार लागू नहीं कर पायी। दिन प्रतिदिन हमारे एक-एक सहायक अध्यापक बिना किसी सरकारी सुविधा लाभ के रिटायर और मृत हो रहे हैं। उनका परिवार बेसहारा और बेघर हो चूका है। परन्तु सरकार चुप्पी साधी हुई है।

## जेजे कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, कोडरमा के द्वारा वित्तीय वर्ष 202-25 के प्रथम एक दिवसीय ह्यह्यदत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024ह्यह्य का आयोजन जेजे कॉलेज परिसर, झुमरी तिलैया, कोडरमा में किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष, कोडरमा रामधन यादव, जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा मनु कुमार और श्रम अधीक्षक अनिल रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर रोजगार मेले का विधिवत शुभारंभ किया। ह्यरोजगार मेला में कुल 18 प्रतिष्ठान, संस्थानों ने भाग लिया। जिनके द्वारा कुल 69 अभ्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित करते हुए ऑफर लेटर प्रदान किया गया और कुल 61 अभ्यार्थियों को शॉर्ट लिस्टेड किया गया है। आयोजित ह्यरोजगार मेलाह्य में जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय के अरविन्द कुमार राकेश लिपिक, अभिषेक यंग प्रोफेशनल, राजकुमार यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रेम शंकर, अविनाश कुमार, लखन यादव और सचिन कुमार, अनुसेवक का भी सहयोग सराहनीय रहा।

## परिवर्तन यात्रा को लेकर विस स्तरीय बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** परिवर्तन यात्रा के समापन के अवसर पर हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के बड़कागांव जुगार निवास भवन में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक बुलायी गयी। जिसमें हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहने को कहा और अभी से 2 महीने तक घर-घर जाकर एक-एक व्यक्ति से भेंट कर केंद्र की योजनाओं की जानकारी देने और राज्य की सरकार की गड़बड़ियों को उजागर करने की बात कही गयी। साथ ही साथ आगामी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया जिसमें बड़का का विधानसभा को 8000 लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का लक्ष्य दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि एक विशेष समुदाय एंटी बीजेपी को वोट करती है जिसका मकसद देश राज का विकास नहीं बल्कि बल्कि पूरे देश को इस्लामी देश बनाने का लक्ष्य है इसलिए हम गठबंधन धर्म का पालन करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी और चाप से ऊपर उठकर गठबंधन धर्म निभाएंगे और अपना मतदान करेंगे। श्री जायसवाल ने राज्य सरकार पर जमकर हल्ला बोला और कहां की यह एक झूठी सरकार है जो चंद दिनों के लिए कई तरह की लॉलीपॉप या योजनाओं को लागू कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

# मंईयां सम्मान यात्रा : कोल्हान में कल्पना सोरेन का हुआ भव्य स्वागत और अभिनंदन






मंझगांव जाने के क्रम में स्थानीय लोगों ने कल्पना सोरेन का स्वागत और अभिनंदन किया। कुमारदुंगी में लोगों से मिल कर उनका अभिवादन करतीं कल्पना सोरेन।

### एनआरएचएम में स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति में गड़बड़ी की आशंका

# कर्मियों के नियोजन पर भी उठाये गये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य विभाग का घोटाला हर दिन नयी परत खोल रहा है। वेतन घोटाले से शुरू हुआ यह मामला अब नियोजन तक भी पहुंच गया है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर तत्कालीन एसडीओ आशीष गंगवार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, रामगढ़ अनुमंडल के प्रषासी अधिकारी संजय कुमार बख्शी और एलडीएम दिलीप महली के द्वारा जांच प्रक्रिया की शुरुआत की गयी। इस दौरान पता चला कि एनआरएचएम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली में भी भारी गड़बड़ी होने की संभावना है। एनआरएचएम के तहत रामगढ़ जिले में 9 बैंक खाता संचालित किये जाते हैं। जिसमें आइसीआइसीआइ बैंक, बैंक ऑफ बडोदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में बैंक खाता खोले गये हैं। बैंक ऑफ बडोदा के तीन बैंक खाते, स्टेट बैंक का एक खाता, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एक खाता का चेक पंजी, कैश बुक, तत्कालीन और वर्तमान डीएएम के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे उन खातों में हुई गड़बड़ी की जांच हो सके। इससे यह स्पष्ट है कि एनआरएचएम परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति और योगदान की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गयी है। सभी कर्मियों को अनुपस्थिति विवरणी और संचिका में सिविल सर्जन से आदेश प्राप्त के आधार पर वेतन का भुगतान भी किया जाता रहा है।

**रांची में पदस्थापित महिला चिकित्सक को रामगढ़ से मिल रहा था मातृत्व लाभः** जांच के दौरान अधिकारियों को सबसे ज्यादा अचंभित करने वाली बात यह लगी कि रांची में पदस्थापित एक महिला चिकित्सक को रामगढ़ से मातृत्व लाभ दिया जा रहा है। जांच में यह पाया गया कि डॉ वीणा कुमारी को 29 दिसंबर 2020 को रामगढ़ अस्पताल में पदस्थापित किया गया था। जिन्हें पुनः 4 फरवरी 2021 को सदर अस्पताल रांची में पदस्थापित कर दिया गया। सिविल सर्जन रामगढ़ के द्वारा 5 फरवरी 2021 को उन्हें विरमित भी कर दिया गया। इसके बावजूद वर्ष 2023 तक वीणा कुमारी को वेतन के अलावा मातृत्व लाभ भी दिया गया। यहां तक कि उन्हें अनुपस्थिति विवरणी संचिका में भी रक्षित बताया गया है। उनके विरमित होने के बावजूद उन्हें मार्च 2023 तक मातृत्व लाभ के तहत 735000 का भुगतान किया गया। रामगढ़ में नहीं होने के बावजूद तत्कालीन डीएएम हिना अग्रवाल, डीपीएम देवेंद्र कुमार, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा डॉ वीणा कुमारी के नाम पर वेतन का भुगतान कराया गया जो नियम के विरुद्ध है। उनके द्वारा राशि का भुगतान और पे आईडी की जांच नहीं करना और संचिका पर हस्ताक्षर करने से उक्त सभी कर्मी की संलिप्तता प्रतीत होती है। उस राशि को अमजद हुसैन की बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में 840000 को गलत ढंग से स्थांतरित किया गया था।

**रोकड़ पंजी में भी मिली भारी अनियमितता :** जांच पदाधिकारी को एनआरएचएम के रोकड़ पंजी की जांच में भारी अनियमित मिली है। 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024 तक का रोकड़ पंजी जांच किया गया है। इस दौरान रोकड़ पंजी के संधारण में अनेक त्रुटियां मिली। रोकड़ पंजी के ओपनिंग बैलेंस, क्लोज बैलेंस को दशार्या नहीं गया है। बहुत सारे ट्रांजैक्शन को रोकड़ पंजी में एंट्री ही नहीं किया गया। किसी भी अभिश्रव को पारित होने के पश्चात पेड़ और कैंसल्ड नहीं किया गया। ना ही एंटर्ड इन कैश बुक पेज नंबर के साथ एंट्री किया गया है। डेट वाइज कोई भी रिकार्ड संधारित संचिका में नहीं है। इसके अतिरिक्त लिखे गये अभिश्रव पंजी से संबंधित कोई भी दस्तावेज कमेटी के सामने प्रस्तुत नहीं किये गये। जिससे यह प्रतीत होता है कि फर्जी रिकॉर्ड बनाकर भुगतान किया जा रहा था। यह क्रय संबंधी वित्तीय नियमावली का घोर उल्लंघन है।

## सप्लायर का पैसा भी जाता था अनु सेवक के खाते में

**जांच रिपोर्ट से सप्लायर और सामग्री आपूर्ति कर्ता की रकम भी एक अनु सेवक के खाते में भेजे जाने का मामला उजागर हुआ है। नियमानुसार आपूर्ति के उपरांत राशि का भुगतान संचिका में आदेश और सामग्री प्राप्त कर किया जाना चाहिए था। परंतु मो अमजद हुसैन के खाते में फर्जी तरीके से जिला स्वास्थ्य समिति के सप्लायरों की राशि भी भेजी जाती थी। फेक वाउचर द्वारा राशि का गबन पिछले कई वर्षों से किया जाता रहा है। रूद्रा एंटरप्राइजेज, महतो फ्यूल्स, वेंडर, विशाल एंटरप्राइजेज, डॉ पूजा कुमार, डॉ पल्लवी, अशोक कुमार विश्वकर्मा, स्टाफ सैलेरी, वैक्सीनेशन के नाम पर 521107 रुपए का घोटाला किया गया है। उसके इस घोटाले में अनुसेवक अमजद हुसैन, तत्कालीन जिला लेखा प्रबंधक (डीएएम) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीएम) बराबर के सहभागी हैं। क्योंकि उन्हीं के हस्ताक्षर से राशि का गबन किया गया है।**

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची कुजू, हुआ भव्य स्वागत

# सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा शनिवार को मांडू विस क्षेत्र कुजू चौक पहुंची। जहां मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। वही, कार्यकर्ताओं ने नयामोड़ से कुजू चौक तक बाइक रैली निकाली। रथ में सवार प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता का भव्य स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने मांडू की जनता को संबोधित करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को भ्रष्ट और विफल करार बताया और जनता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने मांडू की जनता से एकजुट होकर आगामी चुनावो में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। इधर, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और हेमंत सरकार की 5 वर्षों की विफलताओं को उजागर करना है। मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह ने राज्य में रोजगार, महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, धर्म परिवर्तन जैसे मुद्दों को उठाया। परिवर्तन यात्रा प्रभारी प्रभारी रंजीत सिन्हा और राजेंद्र कुशवाहा ने हेमंत सोरेन पर अपने वायदे से पीछे हटकर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। स्वागत करने वालों मे ऋषिकेश पांडेय, महेंद्र प्रजापति, सर्वेश सिंह, अशोक कुमार, मनोज गिरी, सुनील प्रसाद साहू, राजेश कुशवाहा, राजेश प्रसाद, उमेशचंद्र पटेल, गिरधारी महतो, रतन प्रसाद साहू, डिंपल प्रजापति, निर्मल करमाली, राजेश प्रसाद, रवि साहू, पंचित महतो, समेत भाजपाई शामिल रहे।

## किशोरी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मेदवाडीह में स्वच्छ भारत अभियान और किशोरी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात है की नवभारत जागृति केंद्र, हजारीबाग और एसबीआइ फाउंडेशन मुंबई के सौजन्य से चतरा जिला के कुंदा और लावालौंग प्रखंड के बीस गावों में हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम मेदवाडीह में स्वच्छ भारत अभियान और किशोरी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विशेषज्ञ डॉक्टर बीडी पांडेय और एएनएम द्वारा दिया गया। हमेशा स्वास्थ्य रहने के लिए बताया गया।

## हेल्थ कैंप का किया गया आयोजन

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के नवादा में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को निशुल्क में कई बीमारी का जांच और दवा दिया गया। ग्रामीणों को गांव में ही यह सुविधा मिलने से खुशी जाहिर किया। इस शिविर में पंचायत मुखिया भरत यादव ने भी स्वास्थ्यकर्मियों को पूरा सहयोग किया।

## पतरातू में भगत सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू में शहीद भगत सिंह चौक पर पतरातू प्रखंड के पत्रकारों और ग्रामीणों ने शनिवार को शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रांतिकारी भगत सिंह का जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई पत्रकार संतोष कुमार कर रहे थे। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पत्रकार शलीम अंसारी ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत के आजादी दिलाने में अहम योगदान निभाया और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन कर अंग्रेजों को भारत से भागने में मजबूर कर दिये थे। उनके इस जुनून को देखकर ब्रिटिश साम्राज्य हिल गया था। पत्रकार अजय तिवारी, राजीव रंजन, सुरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सिंहा, मूनशब अंसारी, आसिफ अंसारी, सुमित पाठक, संतोष कूमार सहित कई पत्रकारों ने कहा कि आज भी भगत सिंह के विचार रगों में जोश और दिल में देशभक्ति भर देते हैं। मौके पर कुंदन भट्टराई, अजीत कुमार चौबे, राजू सोनकर, मनोज साव, बालेंद्र साहू, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक पाठक सहित कई पत्रकार और ग्रामीण मौजूद थे।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम
- नशे में धुत था ट्रक चालक
- गोला में आज तक का सबसे लंबा जाम का रिकॉर्ड बना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** रामगढ़ बोकारो एन एच 23 डीवीसी चोक के समीप शनिवार की दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की पहचान चोकाद गांव निवासी स्व नकुल महतो का एक लौता पुत्र तिजू महतो 40 वर्ष के रूप में की गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि चोकाद गांव निवासी तिजू महतो अपने पेंशन प्रो संख्या जे एच 09क्यू 5370 मोटरसाइकिल में सवार होकर चार साल की बेटी निधि कुमारी को लेकर गोला आ रहे थे। इसी दौरान चौक के समीप रामगढ़ की ओर जा रहे ट्रक संख्या जेएच 02एभी 7756 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक ट्रक में फंस गया। ट्रक बाइक को घसीटते हुए करीब पच्चास फिट दूर ले गया। जिसके कारण तिजू का एक पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही उसकी बेटी को लोगों ने फंसे ट्रक से जल्दी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण गोला चारु पथ, मुरी पथ, रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जाम हटाने पहुंचे एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी समरेश भंडारी, थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप सहित अन्य अधिकारियों को ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रसाशन पर कई तरह के आरोप लगाये। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही से दुर्घटना हुई है। सड़क के चारो तरह अतिक्रमण किया गया है। जिसके कारण यहां हर दिन दुर्घटना घट रही है। भारी वाहनों पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं लगाया गया है। प्रत्येक दिन हजारों स्कूली बच्चे इसी रास्ते से आवागमन करते है। समाचार भेजे जाने तक जाम नहीं हटाया गया था। इधर ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया गया कि मृतक सप्लायर और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का पंचायत अध्यक्ष था।

**पहले भी हुई है इस तरह की कई घटना, लेकिन प्रशासन नहीं चेताः** डीवीसी चोक में कई सड़क दुर्घटना इससे पूर्व में भी हो चुकी है। यहां पिछले दिनों नवाडीह का एक युवक को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे कारण उसका पैर कट गया था। अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। इस घटना से पहले भी कई लोग यहां जान गवां चुके है। लेकिन प्रशासन इसपर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसका पुनः नतीजा शनिवार की दुर्घटना है।

## गोला में अब तक का सबसे लंबा लगा जाम

**गोला में सड़क दुर्घटना के बाद दो बजे दोपहर से ही ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। यह जाम इतना लंबा हो गया कि आज तक का सबसे लंबा जाम का रिकॉर्ड बना दिया। बताया गया कि गोला में इस तरह का जाम पहले कभी नहीं लगा था। अक्सर यहां जाम लगता है। लेकिन इतना बड़ा जाम पहले कभी नहीं देखा गया।**

रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–26092024–257500
CG-DL-E-26092024-257500
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3841] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 25, 2024/आश्विन 3, 1946
No. 3841] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 25, 2024/ASVINA 3, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 25 सितम्बर, 2024

का.आ. 4199(अ)–केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ 2812 तारीख 18 July 2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गोड्डा जिले NH-133 के 0+000 से कि.मी. 51+825 तक के भूखण्ड के चार लेन के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "25.07.2024" को "आजाद सिपाही" और "टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गोड्डा जिले मे NH-133 मार्ग design कि.मी 0+000 से कि.मी. 51+825 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

जिलाः गोड्डा
https://egazette-gov-in
प्रकाशन तिथिः 25.09.2024
https://egazette-gov-in
https://bhoomirashi-gov-in

[फा.स. NHAI/PD/PIU/SBG/NH-133/3D]
अभय जैन, उप सचिव

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## पीडीजे ने किया मंडल कारा का निरीक्षण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निदेर्शानुसार प्रत्येक तीन माह में जिले के मंडल कारा में किए जाने वाले निरीक्षण के तहत जिले के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा ने मंडल कारा, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव राजेश, मंडल कारा अधीक्षक अमित, जेलर सुबोध, मुख्य एलएडीसी नसीम अंसारी और एलएडीसी सहायक इंद्राणी कुजूर उपस्थित रहे। वहीं उन्होंने मुलाकाती कक्ष, वीसी रूम, वार्ड, मेस, हॉस्पिटल वार्ड, महिला वार्ड, पुस्तकालय, पीएलएसी का निरीक्षण किया। कारा निरीक्षण के क्रम में विभिन्न बंदियों से पूछताछ की। वहीं बताया गया कि यह निरीक्षण प्रत्येक तीन माह में नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार किया जाता है।

### व्यवहार न्यायालय लातेहार में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# गरीब और मजबूर लोगों को राहत दें अधिकारी: जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 11 हजार पांच सौ सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जो वाद वर्षों तक चलता है उसका निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से तुरंत किया जा सकता है। वादों के निपटारा के लिए सबसे सुगम मार्ग है। उन्होंने विभिन्न वभागों से




आये अधिकारियों से आग्रह किया कि सरकार के गाइडलाइन को फॉलो करते हुए ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा करायें साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि दूर दुरस्त-गांव से आये गरीब और मजबूर लोगों को रहत मिले। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जीतने भी वादकारी इस लोक अदालत में अपने वादों को खत्म करने के लिए आये हैं, उन्हें यथा संभव वादों का निपटारा कर के ही वापस भेजें।

मौके जिला की उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जनता यह कोशिश करें कि उनका वाद लोक अदालत के माध्यम से खत्म हो। इससे उनके समय और पैसे की बचत होगी। चौबीस करोड़ अंठावन लाख अन्नठावन हजार पांच सौ संतानबे रुपए का हुआ सेटलमेंट इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वादों में लगभग चौबीस करोड़ अंठावन लाख अन्नठावन हजार पांच सौ सन्तान्बे रुपए का सेटलमेंट हुआ।

### लोक अदालत के महत्व को समझाया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह, एसपी कुमार गौरव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने लोगों को लोक अदालत के माध्यम महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आनंद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, सीजेएम अब्दूल नसीर, एसीजेएम शशी भूषण शर्मा, सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दण्डाधिकारी स्वाति विजय उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, डीडीसी, डीएफओ सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, पीएलए और कंज्यूमर फॉरम के चेचरमैन और सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

## बरवाडीह में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ शनिवार को बरवाडीह पहुंचा। इस परिवर्तन यात्रा रथ के साथ मनिका के पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, मनिका प्रभारी जवाहर पासवान, मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नांहू सिंह जिला कार्य समिति सदस्य ईश्वरी सिंह,को बरवाडीह पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ भव्य स्वागत करते हुए विशाल रोड शो किया। और महान पुरुषों का माल्यार्पण किया। जिसमे राजा मेदिनी राय महाविद्यालय मे पूर्व मंत्री यमुना सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद शहीद भगत सिंह, डॉ भीम राव अम्बेडकर, सुबास चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह ने किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, जिला कार्यसमिति नंदेव सिंह ,भजापा महिला मोर्चा अध्यक्ष रुपाली देवी भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह मौजूद थे। मौके पर पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह ने कहा झारखंड की वर्तमान सरकार लुटेरों की सरकार है। भ्रष्टाचार चरम पर है, इस सरकार के मंत्रियों के पास से करोड़ों करोड़ों के बंडल मिल रहे हैं। इसके पूर्व बरवाडीह के बेतला से भाजपा का परिवर्तन यात्रा रथ शुरू हुआ और कुटमू चौक पर भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा भब्य स्वगत किया और कुटमू चौक पर राजा मेदिनी राय का प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके एसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पासवान, बिनोद यादव, मनोज यादव, महामंत्री मनोज प्रसाद,समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## अपर उपायुक्त का निधन, जिला प्रशासन के कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के नव पदस्थापित अपर उपायुक्त विनय कुमार मिश्र का असामयिक निधन की सूचना पर जिला मुख्यालय में शोक का लहर है। विनय कुमार मिश्र पूर्वी सिंहभूम जिला में अपर उपायुक्त के पद पर योगदान देने से पूर्व गोड्डा में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के पद पर थे। शनिवार को उनके निधन की सूचना पर जिला समाहरणालय में उनके आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में डीसी अनन्य मित्तल,एसएसपी किशोर कौशल,डीडीसी मनीष कुमार,ग्रामीण एसपी रिशव गर्ग,पीडी आइटीडीए,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर,एसडीएम धालभूम सहित अन्य कर्मचारियो ने घटना पर दु:ख प्रकट करते हुए नम आंखों से उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दु:ख के इस घड़ी में पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।वही उनके आकस्मिक निधन पर सभी सरकारी कार्यालय में छुट्टी घोषित की गयी।

## लोहरदगा में लगी वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार 28 सितंबर को वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह




शेखावत, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, आयोजन में अपने मामले को लेकर पहुंचे वृद्ध सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचो का गठन किया गया था। नंदलाल प्रसाद के नेतृत्व में गठन किया गया। लोग छोटे छोटे वादों में उलझ जाते है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 540 केसों का निष्पादन किया गया, जबकि 99 लाख 97 हजार 814 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 218 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, अधिवक्ता संघ के सचिव लाल दीपक कुमार, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता, विभिन्न बैंकों व विभागों के पदाधिकारी, पीएलवी सहित वादों के निष्पादन के लिए पहुंचे लोग उपस्थित थे।

## पोखरी पंचायत समिति सदस्य ने पीसीसी निर्माण कार्य पर रोक लगाने का प्रमुख पर लगाया आरोप



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड की पोखरीकला पंचायत समिति सदस्य असमीना बीवी ने प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी पर प्रखंड प्रमुख द्वारा तालाबंदी कार्यक्रम में शामिल नही होने पर पंचायत के पीसीसी निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आरोप लगाया है। इस बाबत पंसस असमीना बीबी ने लातेहार उपायुक्त को पत्र देकर कारवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में पोखरी कला के पंसस सदस्य आमिना बीबी ने बताया कि पंचायत के पोखरी कला गांव में अख्तर अंसारी के घर से अनवर अंसारी के घर तक पंचायत समिति सदस्य के 15 वी वित्त आयोग मद से पीसीसी सड़क निर्माण होना है। और संबधित पोर्टल में सीरियल नंबर 121 वित्तीय वर्ष 2324 पारित योजना में लोड है। जानकारी हो की प्रमुख मैडम द्वारा 25 सितंबर को पंसस प्रखंडआपूर्ति पदाधिकारी को हटाने समेत उन मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। जिससे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य योजना शुरू नही हो सका। पंसस ने उपायुक्त को आवेदन पत्र इस संबंध में उचित करवाई की मांग किया है।

## शाखा प्रबंधक ने कुपोषण केंद्र को वैक्यूम क्लीनर भेंट किया

भंडरा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित कुपोषण केंद्र में शनिवार को यूनियन बैंक रांची के शाखा प्रबंधक अनूप भगत ने अपनी पुत्री शैल सरनिया भगत के जन्म दिवस के अवसर पर साफ-सफाई को लेकर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को वैक्यूम क्लीनर उपहार में भेंट किया है। मौके पर यूनियन बैंक रांची के शाखा प्रबंधक अनूप भगत ने कहा कि भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को देखकर काफी अच्छा लगा। अस्पताल परिसर में स्वच्छता का भी विशेष ख्याल रखा गया है। जिसे बरकरार रखने को लेकर अपनी पुत्री के जन्मदिवस के अवसर पर अस्पताल को वैक्यूम क्लीनर उपहार स्वरुप दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार, डा. आकाश कुमार, बीपीएम मेरी बेक सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मंत्री ने अधिकारी-कर्मचारी आवास निर्माण का किया शिलान्यास

**भंडरा में 579.23 लाख व सदर प्रखंड में 586.34 की लागत से बनेगा आवास**

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड, रांची ने शनिवार को भण्डरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर और सदर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में दोनों स्थानों पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी आवास, पर्यवेक्षक का आवास, तृतीय वर्ग कर्मचारी आवास और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास का शिलान्यास किया। इस आवासों को एक वर्ष में



**आदिवासी कला केंद्र एवं पथ निर्माण का शिलान्यास**

**मंत्री द्वारा सदर प्रखण्ड में जिला योजना अनाबद्ध मद के अंतर्गत कचहरी रोड कुटमू में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र में मॉडल अखड़ा निर्माण और रांची-लोहरदगा मुख्य पथ से दरहा देशवाली होते हुए कुटमू मुख्य पथ तक सड़क एवं बॉक्स कलवर्ट निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस योजना की प्राक्कलित राशि 95.72 लाख रुपए है। मौके पर युवा नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव व गणमान्य उपस्थित थे।**

पूर्ण करने का लक्ष्य है। भण्डरा में बननेवाले आवास के लिए प्राक्कलित राशि 579.231 लाख रुपए और सदर प्रखण्ड में बनने वाले आवासों के लिए प्राक्कलित राशि 586.341 लाख रुपए है। शिलान्यास के मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्य के लिए तत्पर है। राज्यभर में योजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास कार्य किये जा रहे हैं। लोगों को सुविधाएं दी जा रही हैं। राज्य में पहले 20 लाख लोगों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा था, जिसकी संख्या अब 25 लाख हो गयी है। गरीब लोगों के लिए अगस्त माह तक का बिजली बिल माफ कर दिया गया है। यह सरकार लोकप्रिय सरकार है, आम लोगों की सरकार है। मौके पर मंत्री पुत्र रोहित उरांव, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, सभी कर्मीगण व अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छता दौड़ का आयोजन कल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। स्वच्छता ही सेवा-2024 अंतर्गत दिनांक 30.09.2024 को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ प्रातः 6.30 बजे समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी रोड, साइडिंग, पावरगंज चौक, बड़ा तालाब, भठ्ठी रोड, न्यु रोड, पावरगंज, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में संपन्न होगी। उक्त जानकारी स्वच्छ भारत अभियान के समान्वयक परवेज आलम ने दी।

## जादूगोड़ा रंकिनी मंदिर और हरिणा मुक्तेश्वरधाम का होगा सौंदर्यीकरण: संजीव सरदार



पोटका (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका बिधानसभा में जादूगोड़ा रंकिनी मंदिर व हरिणा मुक्तेश्वरधाम को झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से विकसित की जाएगी। शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान इसकी जानकारी दी। विधायक श्री सरदार ने कहा झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग रंकिणी मंदिर एवं मुक्तेश्वरधाम हरिणा को पर्टयन सी कैटेगरी मे शामिल किया है।हेमंत सरकार क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थलों को विकास कर रही है। जो राज्य स्तरीय महत्व रखता है। विधायक ने कहा सरकार के पर्यटन विभाग से 49.92 लाख की स्वीकृति मिली है। जल्द दोनो पर्यावरण स्थलों में अधिष्ठापन के लिए शिलान्यास किया जायेगा। रंकिणी मंदिर एवं मुक्तेश्वरधाम मे सड़क से लेकर मंदिर तक स्ट्रीट लाईट लगाया जाएगा। ताकि रात को भी जगमगा सके।दोनो मंदिर निश्चित रूप से पर्यटकों को आकर्षित करेगी।

## शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह आज भी प्रासंगिक हैं : महेश सिंह

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ऐक्टू की संबद्ध ईकाई झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा- लोहरदगा के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के 117 वें जयन्ती आयोजित किया गया। आम सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय म्युनिसिपल एण्ड सेनिटेशन वर्कर्स फेडरेशन -दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह से गुलाम भारत में मंहगाई , बेरोजगारी, महिलाओं पर उत्पीड़न, किसानों का शोषण- दोहन तथा दमन जारी था। आज भी देश में वही हाल है। अंग्रेज सरकार कहती कुछ थी और करती कुछ थी। ठीक उसी प्रकार की कार्रवाई आज भी जारी है। नौजवान नौकरी के लिए आज भी जान दे रहा है तो छात्रों की पढ़ाई के लिए प्राईवेट स्कूल खोल-खोल कर सरकारी स्कूल कम कर दिया गया है। आजादी के अमृत साल के दो वर्ष बाद भी सरकार साम्प्रदायिकता को चरम पर पहुंचा दे रही है।इसलिए आज देश बंटता हुआ दिखाई पड़ रहा है।अतः हम तमाम इन्सान परस्त लोगों को एकजुट होकर इंसानियत का परिचय देने की जरूरत है,क्योंकि आजादी के समय कहा गया था कि गोरे अंग्रेज से अधिक खतरनाक काले अंग्रेज न हो जाय,इसके लिए आम लोगों को एकता का मशाल ले के निकलना चाहिए। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## चंपाई सोरेन ने जिस तरह से विकास योजनाओं की शुरुआत की थी, हेमंत सोरेन उसे बर्दाश्त नहीं कर सके: जेबी तुबिद

आजाद सिपाही संवाददाता

चाईबासा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संथाल परगना में परिवर्तन संकल्प यात्रा अब समापन की ओर है। शनिवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबित ने कहा आगामी एक अक्टूबर को कोल्हान मुख्यालय चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में परिवर्तन यात्रा का समापन होगा। समापन में उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन,पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित पार्टी के कई बड़े नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा ने तैयारी तेज कर दी। प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुविद ने बताया राज्य में इस बार परिवर्तन तय है। राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है। इसबार जनता ने मन बना लिया सरकार को बदल कर रहेगी। उन्होंने दावा किया इसबार कोल्हान के सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय है। श्री तुबित ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी में आने से कोल्हान




ही नहीं पूरे राज्य में इसका असर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा जिस तरह से विकास योजनाओं की शुरूआत चंपाई सोरेन ने की थी हेमंत सोरेन उसे बर्दाश्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा चंपाई सोरेन सर्वमान्य नेता हैं और पार्टी उनका सम्मान करती है।

वही प्रदेश प्रवक्ता ने पार्टी में चार- चार पूर्व मुख्यमंत्री के सवाल पर कहा भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता को भी वही सम्मान मिलता है जो बड़े नेताओं को मिलता है। केंद्र सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए एक से बढ़कर एक योजनाओं की शुरूआत की है। राज्य सरकार उन योजनाओ को आदिवासियों तक पहुंचने नहीं दे रही है।वहीं मैया सम्मान यात्रा को लेकर भाजपा नेत्री गीता बालमुचु ने मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा यात्रा के दौरान कल्पना सोरेन महिलाओं को यह कहकर गुमराह कर रही है हेमंत सोरेन यदि जेल नहीं जाते तो इस योजना के तहत महिलाओं को सात किस्त दिया जाता। उन्होंने इसे खारिज करते हुए सवाल किया 5 साल सत्ता में रहते क्या कर रहे थे। हेमंत सोरेन जेल गए थे तब सत्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास ही थी। यदि महिलाओं की चिंता होती तो इसे चार साल पूर्व क्यों लागू नहीं किया। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। कहा आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर देगी। पूरे कोल्हान में परिवर्तन की लहर दौड़ रही है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबित, मनोज महतो, अनूप सुल्तानिया, लालमुनि पूर्ति, गीता बलमुचू व अन्य मौजूद रहे।

## रोहित उरांव ने किया महिलाओं के बीच दरी का वितरण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड अंतर्गत जोरी में विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर के पुत्र एवं युवा नेता रोहित उरांव के द्वारा 50 महिला समूहों के बीच दरी का वितरण किया गया। मौके पर रोहित उरांव ने कहा की महिला समूह के दरी वितरण से महिलाए एकत्रित होकर कार्य कर सकते है जिससे समूह को लाभ होगी इसके साथ ही अन्य कार्य भी किया जा रहे।हमारी सरकार महिलाओं के लिए मईया सम्मान योजना के तहत महीना 1000रुपया देकर उन्हें सम्मान देने का कर रही है ये सब कार्य से महिलाओ को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा। साथ ही महिलाओ के विकास के लिए हर संभव कार्य किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,कबीर अंसारी, नेजाम अंसारी,विशाल डुंगडुंग,असलम अंसारी,रेहान अख्तर, इंतखाब आलम,आशीष उरांव, अकास उरांव एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## सीसीएल को अरबों रुपये के फायदे के बावजूद बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय का नहीं हो रहा है विकास

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड में सीबीएससी और आइसीएससी मान्यता प्राप्त विद्यालय खोलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। प्रखंड के छात्र बेहतर स्कूली शिक्षा के लिए राजधानी या दूसरे शहर जा रहे है। बालूमाथ एक पिछड़ा क्षेत्र है और यहां के लोगों की आर्थिक स्थिती भी उतनी अच्छी नहीं है कि वे अपने बच्चों को बाहर रखपर पढ़ा सकें। लेकिन मजदूरी में उन्हें यह सब करना पड़ रहा है। प्रचूर मात्रा में खनिज संपदाओं से परिपूर्ण संयुक्त बालूमाथ प्रखंड में एक अदद प्लस टू तक की शिक्षा के लिए सीबीएससी या आईसीएससी से मान्यता प्राप्त स्कूल का ख्वाब अब भी अधूरा ही है। बालूमाथ प्रखंड में 90 के दशक से सीसीएल द्वारा तेतरियाखाड़ ओपन कोल माइंस चलाया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार को भी रॉयल्टी के रूप में राजस्व की प्राप्ति हो रही है। भारत सरकार के नियमानुसार, कोल इंडिया के अनुसांगिक इकाइयों द्वारा संचालित विभिन्न कोल परियाजनाओं से लाभ की राशि का निर्धारित हिस्सा सामुदायिक विकास में खर्च करना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, समुदायिक विकास, सामाजिक उन्नति के साथ-साथ पर्यावरण के लिए सीएसआर के तहत कार्य का फोकस एरिया है। इन क्षेत्रों में कोई काम धरातल पर नहीं दिखायी देता है। हालांकि इस संबंध मे मगध संघमित्रा परियोजना के महाप्रबंधक निपेन्द्र कुमार से बातचीत करने की प्रयास किया गया पर उनका मोबाइल फोन आउटआफरेंज बात रहा था।

गुमला में नियोजनालय ने लगाया रोजगार मेला

## उपायुक्त ने दिया आठ लोगों को नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, गुमला के तत्वावधान में नगर भवन कार्यालय परिसर में शनिवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और जिला नियोजन पदाधिकारी राम बारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होकर शाम 4:00 बजे तक चला।इस रोजगार मेले में गुमला और अन्य क्षेत्रों से 14 प्रतिष्ठित कंपनियों और 07 सरकारी विभागों ने भाग लिया। मेले में कुल 1253 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रारंभिक चरण में 587 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इनमें से 83 युवक-युवतियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। उपायुक्त ने व्यक्तिगत रूप से 08 चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र (ऑफर लेटर) का वितरण किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में निजी क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। जिन लोगों ने निजी क्षेत्र में कदम रखा है, उनकी कार्यशैली के अनुसार वेतन में निरंतर वृद्धि होती रहती है। उन्होंने अभ्यर्थियों को विभिन्न कौशल (स्किल्स) सीखने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में कौशल का अत्यधिक महत्व होगा। जितने अधिक कुशल (स्किल्ड) होंगे, भविष्य उतना ही उज्जवल होगा। उपायुक्त ने जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा आयोजित रोजगार मेलों का लाभ उठाने की अपील की और युवाओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की सफलता में रवि कुमार गहलोत प्रवीण सुरीन, डोमन साहू (जिला कौशल समन्वयक प्रवीण तिर्की, विजय लकड़ा, संदीप राम, कृष्णा राम, मंजूला लकड़ा, सीता कुमारी, और शैलेन्द्र साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जतरा टाना भगत की जयंती मनायी गयी

### हजारों की संख्या में पहुंचे राज्य भर के टाना भगत और उनके अनुयायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड के चिंगरी में शनिवार को बहुत धूमधाम से छोटानागपुर के वीर स्वतंत्रता सेनानी और टाना आंदोलन के जनक बाबा जतरा टाना भगत की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जतरा टाना भगत के परपौत्र विश्वा टाना भगत और विशिष्ट अतिथि जतरा भगत के गुरु तुरिया उरांव के परपौत्र जौरा टाना भगत मौजूद रहे। इस मौके पर हजारों की संख्या में राज्य भर से उनके अनुयायी अपने पारंपरिक वेश-भूषा में एक दिन पहले ही चिंगरी पहुंच गए थे। इस ऐतिहासिक दिन के लिए आदिवासी समाज में एक अलग तरह का उत्साह देखा गया।

टाना भगत का इतिहास एक सौ साल से भी पुराना है। जिन्होंने एक शताब्दी पहले ही तिरंगा को अपना धर्म मान लिया और महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बन गये। स्वतंत्रता के आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ टाना भगत की लड़ाई सराहनीय है। अंहिसा के पुजारी इस समुदाय ने अपने आंदोलन से ब्रिटिश शासन को छोटानागपुर की धरती छोड़ने पर मजबूर कर दिया, जहां एक ओर देश में क्रांतिकारी आंदोलन जारी था, वहीं छोटानागपुर की धरती से एक अलग तरह का टाना आंदोलन चल रहा था। यह आंदोलन विशुद्ध रूप से अपने जल जंगल जमीन बचाने और अपना हक-अधिकार के लिए था।

यह पहली बार हो रहा ,जब हम सभी आदिवासी समुदाय बाबा जतरा टाना भगत की जयंती उनके ही पैतृक गांव में बड़े धूमधाम से मना रहे। इस मौके पर राजेश टाना भगत ने कहा कि बाबा जतरा का जीवन सादा था। वो अपने समाज और अपने लोगों के लिए प्रेरणादायक बने रहे।

इस मौके पर समारोह में विनय टाना भगत, सुखदेव टाना भगत, गुरुचरण टाना भगत, मधुसुदन टाना भगत, रामजीत टाना भगत, उमेश टाना भगत,अरविंद टाना भगत, जानकी टाना भगत, यशोदा टाना भगत, भूषण टाना भगत, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल पन्ना, सिकन्दर, मंत्री, मंगले, बालेश्वर, बिहारी, चेतन, पवित्र, हीरामनी, बुधमनिया, सुशीला बसन्ती, तेतला, मंगल, शिबु, विश्वा, बरतिया टाना आदि ने अपने विचार रखे। कुंदरसी मुंडा, धर्मगुरु संजय उरांव, सुकुल भगत, परमेश्वर टाना भगत, बहादुर टाना भगत, बीरबल टाना भगत, महादेव टाना भगत, ललित भगत, विश्वनाथ भगत, मनशीद मुंडा, रामजन तनाभगत, पूसा टाना भगत, बिगल टाना भगत सहित भारी टाना भगत शामिल हुए।

## सांसद सुखदेव ने दिशा के लिए किया 13 सदस्यों का मनोनयन



आजाद सिपाही संवाददाता


**गुमला।** जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति का गुमला जिले का पुनर्गठन किया गया। यह गठन ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में किया गया। सांसद सुखदेव भगत ने 13 सदस्यों को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया। जिसमें अनिरुद्ध चौबे, रूपेश कुमार, राजनील तिग्गा, संगीता जायसवाल, इस्माइल कुजूर, फगुआ उरांव, प्रदीप मिंज, विनीता कुमारी, जसिंता बागे, रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, संतोष कुमार गुप्ता, दीप नारायण उरांव के नाम शामिल हैं। दिशा की इस मनोनित समिति के सदस्य काफी उत्साहित हैं। और अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए तैयार है। सभी सदस्यों ने मिलकर सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीनियरों से जो दिशा निर्देश मिलेगा उसका पालन क्षेत्र के हित में किया जायेगा।

## झालसा और डालसा की निगरानी में चला पारा लीगल वालंटियर का प्रशिक्षण

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से 92 पारा लीगल वालंटियर का चयन किया गया। सभी पीएलवीयों का प्रशिक्षण दिनांक 24 से 28 सितंबर तक दिया गया। कुल 5 दिनों तक सिविल कोर्ट गुमला में अयोजित इस प्रशिक्षण में पीएलबीयों को दो ग्रुपो में बांटा गया। तथा उन्हें प्रशिक्ष विधि ज्ञाताओं के साथ-सा अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा उनका प्रशिक्षण दिया गया। सभी पीएलबीयों को मंडल कारा गुमला का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर माननीय जिला जज ने सभी पीएलवीयों से कहा कि आप सभी जनता के हित में कार्य करने तथा लोगों को कानूनी जानकारी और कानूनी सहायता करने तथा सभी क्षेत्र के लोगों तक जागरूकता जनहित सहायता पहुंचा पाने में सहायक होंगे। अब आप प्रशिक्षण लेने के बाद अपने क्षेत्र में जाएंगे और जनहित के लिए कार्य करेंगे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जो भी कार्यक्रम चलाए जायेंगे उनके सभी का लाभ लोगों तक पहुंचना सुनिश्चित करना आपका कार्य होगा। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता पीएलवीयों से कहा कि अब आप मन लगाकर काम करें हम आपके साथ हैं।

## बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददताा



**बिशुनपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के सदस्य आशा लकड़ा द्वारा शनिवार को बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में लोगों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोगों को संबोधित करते हुए आशा लकड़ा ने कहा कि आदिवासियों से जुड़े किसी भी प्रकार के मामलों का निष्पादन के लिए अनुसूचित जनजाति आयोग बनाया गया है। जिसमें झारखंड से मुझे सदस्य के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा चुना गया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के समक्ष किसी भी प्रकार की समस्या है, तो आप लोग आज के इस जन संवाद कार्यक्रम में उसे मेरे समक्ष बेझिझक रखिये, जो मामला निष्पादन करने लायक होगा, उसे तत्काल यहीं पर निष्पादन कर दिया जायेगा और जो मामला जिस भी विभाग या अधिकारी से संबंधित होगा उसे भेज कर उसका भी निदान कराया जायेगा। आयोग में छोटा से लेकर बड़ा मामला को भी रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आप लोग वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भी जाकर आयोग के पास मामला को रख सकते हैं। जहां आपका मामले का सुनवाई किया जायेगा। इस मौके पर ग्रामीणों के द्वारा मनरेगा में भुगतान, सड़क, आवास, पेयजल, से संबंधित कई मामले आयोग के सदस्य आशा लकड़ा के समक्ष रखा गया। जिसे उन्होंने अधिकारियों तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर गुमला डीएसाओ, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, सुशील टोप्पो, शहीद कई लोग मौजूद थे।

## स्टार डीपीएस एफजेसीसीआइ नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रमेश चीनी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददताा



**गुमला।** स्टार डीपीएस , गुमला में शनिवार को फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐण्ड इंडस्ट्रीस में नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी का सम्मान किया गया। स्टार डीपीएस प्रबंधन के द्वारा इनका स्वागत करने के बाद चादर ओढाकर सम्मानित किया गया । बता दें कि विद्यालय की यह परंपरा रही है कि गुमला से जब भी कोई एफजेसीसीआइ में उपाध्यक्ष या किसी अन्य प्रतिष्ठित पद के लिए निर्वाचित निर्वाचित होता है उन्हें सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर रमेश कुमार चीनी के लिए प्रार्थना की गयी, ताकि वे समाज में जिस तरह से सेवा कार्य करते हैं उस कार्य को करने में ईश्वर उनकी सहायता करे। रमेश कुमार चीनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुमला के विकास के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। व्यापारी हित में कार्य करेंगे। संपूर्ण गुमला की सेवा करेंगे एवं विभिन्न कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा आज स्टार डी पी एस गुमला में अच्छी शिक्षा समाज के बच्चों को दे रहा है। साथ ही समाज के सभी वर्गों एवं सभी सामाजिक कार्य के प्रति विद्यालय का सकारात्मक प्रयास रहता है। उनके द्वारा विद्यालय परिवार के प्रति आभर प्रकट किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने भी विद्यालय कार्य की सराहना की एवं कहा कि आज स्टार डीपीएस, गुमला शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

## पर्यावरण संरक्षण की मिसाल, प्रधानाध्यापिका सुजाता खाखा ने जन्मदिन पर लगाये 100 पेड़



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुकमा में एक अनोखा आयोजन हुआ जहां प्रधानाध्यापिका सुजाता खाखा ने अपने जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने स्कूल क्षेत्र में 100 पेड़ लगाएं और बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुजाता खाखा ने कहा की जन्मदिन पर मुझे सबसे अधिक खुशी बच्चों के साथ बिताने में मिलती है। आज मैंने अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित किया है ताकि हमारे बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरूक हों और इसके संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। इस आयोजन में स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी सहित बच्चो के अभिभावक भी शामिल हुए और उन्होंने प्रधानाध्यापिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए काम करना चाहिए। मैं बच्चों से अपील करती हूं कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं और सभी बच्चे आज से प्रश्न लेकर अपने जन्मदिन पर अपने आंगन बागान में कम से कम पांच पेड़ लगायेंगे।

## शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के कश्मार क्षेत्र स्थित जोरी मैदान में आयोजित छह दिवसीय शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को फाइनल मैच के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर विशिष्ट अतिथि स्वर्गीय शैलेश उरांव की पत्नी सुनीता देवी बी पी ओ निरज कुमार सचिव सुखदेव उरांव भोला साहू अनिल कुमार भारती ब्रह्मदेव उरांव अध्यक्ष सुनील नगेसिया कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार और कसमार क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की।

फाइनल मैच प्राथमिक विद्यालय के बालिका टीम टेमरक्रचा बनाम पिपराटोली के बीच खेला गया, जिसमें पिपराटोली की टीम ने पेनाल्टी सूट आउट से जीत हासिल की। वहीं बालक टीम ने पिपराटोली ने बेठत के टीम को जीत दर्ज की। जबकि मध्य विद्यालय बालक वर्ग में घाघरा बनाम रेहलदग के बीच खेला गया घाघरा को एक गोल से हराकर रेहलदाग की टीम ने जीत हासिल की वहीं वालिका वर्ग. मे जमटी ने रेहलदग की टीम को हराकर जीत दर्ज की। जिन्हें अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, निश्चित रूप से खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन किया है उन्होंने कहा खेल के माध्यम से कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों आप सभी मेहनत करते रहे सफलता अवश्य मिलेगी। सुखदेव उरांव ने कहा कि खेल मनोरंजन के साथ बौद्धिक व शारीरिक विकास का माध्यम है खेल से हमेशा सीखने का अवसर प्राप्त होता है इस मौके पर. कसमार क्षेत्र के शिक्षकों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक एवं दर्शक उपस्थित थे।

## भारी बरसात में निर्माणाधीन मकान में रहने को विवश हैं झुबू उरांव और बुधनी उरांव

प्रखंड कार्यालय के चक्र लगा के थक चुके है कई लाभुक, नहीं मिल रही है आवास योजना के अन्य किस्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झूबू उराईन और बुधनी उराईन के आवास अधूरे पड़े हुए हैं। ये दोनो ग्राम बटकुरी प्रखंड भरनो व जिला गुमला है। भरी बरसात में उन्हें कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा होगा इसका अंदाजा किसी पीड़ित को ही हो सकता है। कुर्सी पर बैठे, पक्के मकानों में रहने वाले, एसी के तापमान में जीवन बसर करने वाले अधिकारियों को इस अवस्था के दुख का क्या अंदाजा होगा। प्रधानमंत्री आवास बना रहे लाभार्थियों को बारिश में परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस अवस्था का जिम्मेदार प्रखंड प्रशासन इसलिए भी है कि लंबे समय से हितग्राही मकान बनाने के लिए किस्त का इंतजार कर रहे हैं,लेकिन उनको यह राशि नहीं मिल पा रही है। मकान के लिए पहली किस्त 40000 इन्हें दी गयी थी। हैरानगी की बात है कि उस राशि को भी रिक्भर कर काट लिया गया। और आगे की किस्त आ ही नहीं रही है। परिणाम स्वरूप लाभार्थी को विभाग के सुस्ती के कारण परेशान होना पड़ रहा है।

एक लाभार्थी ने बताया यदि समय रहते राशि नहीं मिली तो आने वाले दिनों में परेशानी बढ़ने लगेंगी। मिशन बदलाव सदस्य मंगलदेव उरांव ने बताया कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी योजना को हरी झंडी दिखाकर निर्धन वर्ग को राहत दी थी और बड़े पैमाने पर इसका निर्माण भी शुरू हो चुका है और गरीबों के मकान बनाने का लक्ष्य है, ताकि हर गरीब को छत मिल सके और उसका खुद का घर बन सके, लेकिन ग्रामीणों में प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। हालत यह है कि बारिश में अधुरा बना हुआ घर भी गिर सकता है साथ में अधूरे होने के कारण मानसिक परेशानी हो रही है।

## दरदाग गांव में जितिया करमा महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दरदाग गांव में जितिया करमा महोत्सव के अवसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, मुखिया विनोद उरांव सहित कई अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में 20 खोड़हा दल यह महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर पहुंचे जहां नृत्य और गीत प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता और परंपरा को संजोग के रखने की जरूरत है। अपने धरोहर की रक्षा करने के लिए सभी को किस संकल्पित होने की जरूरत है। पूर्वजों की दी गयी धरोहर को आगे बढ़ाने की जरूरत है। वही आये सभी खोड़जा दल को पुरस्कार देकर सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में कपिल उरांव, मंगल देव उरांव, सुरेंद्र उरांव, अनिल उरांव, पहान पूजार सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## आज झारखंड बचाओ रैली और जन पंचायत कार्यक्रम गुमला में

गुमला । संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल, ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय गुमला में 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को 11 बजे से झारखंड बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली गुमला दूंदरिया के घाघरा रोड स्थित पुराना बस डिपू मैदान से दिन के 11 बजे निकालकर गुमला थाना रोड में मेन रोड जयपुर रोड होते हुए कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास जन पंचायत में तब्दील हो जायेगी। कार्यक्रम में जिले के सभी गांव से सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, वेलफेयर, बेसिल, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में पैसा जमा करने वाले सभी जमाकताओं को तथा महिला मंडल, मजदूर, किसान और बेरोजगार नौजवानों को भी झारखंड बचाओ रैली में आमंत्रित की गयी है। मुख्य रूप से पार्टी के नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के अलावे पार्टी के कई प्रदेश स्तर के नेता शामिल होंगे।

## साजिद अंसारी की तालाब में डूबने से मौत

घाघरा। थाना क्षेत्र के चुंदरी गांव में मेहमान आए लगभग 35 वर्षीय साजिद अंसारी की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। हालांकि अभी तक तालाब से शव को नही निकाला जा सका है। पिछले 2 घंटे से शव को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जितिया करमा था और वह शनिवार की सुबह कैलाश महतो के घर मेहमान आया था। शनिवार की दोपहर साजिद और दो अन्य लोग गांव के तालाब में नहाने गए। इस दौरान नहाते नहाते साजिद तालाब के बीचो-बीच चला गया और वापस लौट नहीं सका जिससे वह तालाब में डूब गया। गांव के लोग पिछले 2 घंटे से तालाब में घुसकर छानबीन कर रहे है पर किसी तरह का पता नही चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक शव को तालाब से नही निकाला जा सका था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 26388 वादों का हुआ निपटारा

संग्रहित किया गया 17 करोड़ 23 लाख 26 हजार 523 रुपये का राजस्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** व्यवहार न्यायालय, गुमला में शनीवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र , कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश ओमप्रकाश, एडीजे चतुर्थ संजय भाटिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अघन उरांव, कंज्यूमर कोर्ट के अध्यक्ष ओ पी पांडेय स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डी के पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए 12 बेंचो का गठन किया गया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि वन विभाग से संबंधित मामले तथा एक्साइज के मामले के निष्पादन के लिए ज्यादा प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना एवं भूमि और राजस्व से संबंधित चेक बाउंस, घरेलू हिंसा, मेट्रोमोनियल, लैंड एक्विजिशन, लेबर डिस्प्यूट, इलेक्ट्रिसिटी, क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफिंस आदि कंपाउंडेबल मामलों को लोक अदालत में सुलझाने का त्वरित तथा सबसे सस्ता प्लेटफॉर्म है, जहां विवाद दोनों पक्षों की सहमति से खत्म होता है। उन्होंने लोगों से इस फोरम का उपयोग अपने मामलों के त्वरित निपटारे के लिए करने का आग्रह किया ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाले समय की बचत हो सके। कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि यहां के लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए सुलभ और त्वरित न्याय मिलना चाहिए जिसका एक सबसे अच्छा माध्यम लोक अदालत है, जिसमें दोनों पक्षकारों की जीत होती है तथा समय की और पैसे की बचत होती है एवं दोनों खुशी राजी से अपने घर लौटते हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अघन उरांव ने भी लोगों से अधिक मात्रा में अपने केस का निष्पादन करने का अनुरोध किया। लाभुकों को चिन्हित कर परिसंपत्तियों को वितरण भी किया गया। मोहम्मद इंतियाज को 31 लाख 46 हजार 486 रुपये का चेक दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 26388 मामलो का निष्पादन किया गया। जिसमे 17 करोड़ 23 लाख 26 हजार 523 रुपये का राजस्व संग्रहित हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित 2078 पेंडिंग मामले तथा 24310 प्रीलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया गया। इस कार्यक्रम मे, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश ओम प्रकाश, कंज्यूमर कोर्ट के अध्यक्ष ओपी पांडेय, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डीके पाठक, एडीजे चतुर्थ संजय भाटिया, सीजीएम मनोज कुमार, एसीजेएम पार्थ सारथी घोष, न्यायिक पदाधिकारी निर्मला बरला, पूनम कुमारी, रीमा कुमारी, श्रद्धा भूषण, श्रीमती श्वेता सोनी, प्रतिक राज, शंभू सिंह पूर्वसदस्य स्थायी लोक अदालत, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख डीके ओहदार, बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, इंदू पांडे, बैंक के एलडीएम तथा बैंकों के पदाधिकारी गण प्रकाश पारस मनीष और अन्य विभाग से संबंधित पदाधिकारी और भारी संख्या में आम जन, इत्यादि उपस्थित थे।

## झारखंड युवा सदन में हुआ गुमला के हर्ष का चयन



गुमला (आजाद सिपाही)। उर्मी, डुमरडीह निवासी श्याम किशोर गुप्ता के पुत्र हर्ष कुमार गुप्ता का चयन झारखंड युवा सदन के लिए हुआ है। वर्तमान में गोसनर कॉलेज रांची के छात्र हर्ष झारखंड युवा सदन में गुमला विधानसभा क्षेत्र को प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड युवा सदन कार्यक्रम झारखंड सरकार के खेल और युवा विभाग और मिशन ब्लू फाउंडेशन के सहयोग से हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य राज्य के कोने कोने से उन युवाओं को जो लोक और समाजिक हितों का चिंतन करते है, उन्हें एक मंच पर लाकर राजनीति के बारे में प्रेरित करना है। हर्ष के चयन पर रौनियार वैश्य समाज गुमला सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस संबंध में विद्यालय के डायरेक्टर चंद्रकांत पाठक ने बताया कि सीबीएसई नई दिल्ली व स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न विद्यालयों में मनाया जा रहा है। इसी निमित्त स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता संवाद, स्वच्छता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्वच्छता सेल्फी प्वाइंट, स्वच्छता अभियान, पंच प्रण शपथ ग्रहण, स्वच्छता ही सेवा है विषय पर लेख लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता, स्वच्छता पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# डीयू छात्रसंघ चुनाव : जिम्मेदारी समझें

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों को लेकर दिल्ली हाइकोर्ट ने जो सख्त रुख दिखाया है, उसका सभी संबंधित पक्षों को स्वागत करना चाहिए। हाइकोर्ट की यह पहल भले डीयू की ओर केंद्रित हो, लेकिन इससे निकला संदेश देश भर के तमाम विश्विद्यालयों के छात्र संघ चुनावों के लिए है। पहली नजर में जरूर मामला सार्वजनिक इमारतों की साफ-सफाई और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा का लगता है, लेकिन वास्तव में यहां मुद्दा छात्र राजनीति को जवाबदेह बनाने का है। हाइकोर्ट ने मतदान के कार्यक्रम के साथ छेड़छाड़ नहीं की, लेकिन मतगणना पर रोक लगाते हुए कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि चुनाव के दौरान पोस्टरों, बैनरों और पर्चों वगैरह के जरिए फैलायी गयी गंदगी पूरी तरह साफ की जा चुकी है, तब तक नतीजे घोषित नहीं किये जायेंगे। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस साफ-सफाई में होने वाला खर्च शुरू में भले ही एमसीडी देगा, मगर उसकी भरपाई बाद में डीयू को करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि डीयू प्रशासन चाहे तो प्रत्याशियों से वह खर्च वसूल सकता है। यानी आखिरकार सफाई का बोझ उन्हीं पर आयेगा, जो इस गंदगी के लिए जिम्मेदार होंगे। यह पूरा मसला दरअसल छात्र राजनीति में बढ़ते बाहुबल और धनबल के जोर से जुड़ा है। दिल्ली में ही डीयू और जेएनयू के छात्रसंघ चुनावों के रूप में दो बिल्कुल अलग-अलग मॉडल उपलब्ध हैं। जहां जेएनयू में तर्क-वितर्क और बहस-मुबाहिसे के माहौल में चुनाव संपन्न होते हैं, वहीं डीयू में गाड़ियों के बड़े-बड़े काफिलों के साथ पूरे तामझाम के बीच चुनाव प्रचार होता है। इस बार भी बगैर नंबर वाली या पोस्टरों से ढके नंबरप्लेट वाली गाड़ियों के इस्तेमाल की शिकायतें कोर्ट के सामने आयी हैं। अफसोस की बात है कि जेएनयू मॉडल मुख्यतया वहीं तक सीमित रहा जबकि डीयू मॉडल का प्रभाव देश के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों के दौरान दिख जाता है। ध्यान रहे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2005 में गठित लिंगदोह समिति ने यूनिवर्सिटी चुनावों में प्रति प्रत्याशी खर्च की अधिकतम सीमा 5000 रुपये तय की थी। यह तभी हो सकता है, जब विश्विद्यालयों में चुनाव छात्र अपने बूते लड़ें, राजनीतिक दलों का वैचारिक प्रभाव भले हो, उन्हें अपने संसाधनों के जरिए इन चुनावों को प्रभावित करने की इजाजत न दी जाये। डीयू चुनावों में हाईकोर्ट का ताजा दखल एक अच्छी शुरुआत साबित हो सकता है। इसे अन्य विश्वविद्यालों में भी लागू करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन ध्यान रहे, इसका मकसद छात्र राजनीति को ज्यादा स्वच्छ, सहज और लोकतांत्रिक बनाना है, स्टूडेंट कम्युनिटी की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुशासन की भेंट चढ़ाना नहीं।

**महत्वपूर्ण यह भी है कि इस साफ-सफाई में होने वाला खर्च शुरू में भले ही एमसीडी देगा, मगर उसकी भरपाई बाद में डीयू को करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि डीयू प्रशासन चाहे तो प्रत्याशियों से वह खर्च वसूल सकता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ओला ई-बाइक पूरी तरह से ऑनलाइन बेची जाती है। आप ऑर्डर देते हैं और बाइक आपके घर पर डिलीवर हो जाती है (ओला अब अपने खुद के उपभोक्ता संपर्क केंद्र भी स्थापित कर रही है)। और फिर ऐसे उत्पाद हैं, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से बेचे जाते हैं और यहां भी कई तरह के बदलाव हैं। नाइकी जैसे ब्रांड अपने स्टोर के साथ-साथ अपनी वेबसाइट और अन्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से भी जूते बेचते हैं।**

# क्या किराना कारोबार को कुचल देगा ई-कॉमर्स?

अंबी परमेश्वरन

ई-कॉमर्स का एक छोर पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से की जाने वाली सेवाओं की बिक्री है, जिसमें आपके मोबाइल फोन पर बस कुछ ही क्लिक होते हैं। आप अपने स्मार्टफोन के जरिए बीमा पॉलिसी खरीद सकते हैं और उसका पूरा भुगतान कर सकते हैं।

यही बात एयरलाइन टिकट, मूवी टिकट या होटल के कमरों के लिए भी कही जा सकती है। फिर ई-कॉमर्स का इस्तेमाल ऐसे ब्रांड करते हैं, जो उत्पाद बेचते हैं। उदाहरण के लिए, ओला ई-बाइक पूरी तरह से ऑनलाइन बेची जाती है। आप ऑर्डर देते हैं और बाइक आपके घर पर डिलीवर हो जाती है (ओला अब अपने खुद के उपभोक्ता संपर्क केंद्र भी स्थापित कर रही है)। और फिर ऐसे उत्पाद हैं, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से बेचे जाते हैं और यहां भी कई तरह के बदलाव हैं। नाइकी जैसे ब्रांड अपने स्टोर के साथ-साथ अपनी वेबसाइट और अन्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से भी जूते बेचते हैं।

छोटे ब्रांड भी ई-कॉमर्स माध्यम से पूरे देश में बिक्री करने में सक्षम हैं। उनके पास नाइकी जैसा ब्रांड आकर्षण नहीं है और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की मदद के बिना बहुत से लोग उनके उत्पादों को नहीं देख पाते। ये प्लेटफॉर्म छोटे निर्माताओं को दुनिया की एक झलक प्रदान करते हैं। मेरे कई परिचित लोग स्पष्ट रूप से कहते हैं कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एक बड़ा वरदान है। यहां तक कि जब मैंने उनसे ग्राहक डाटा के नुकसान के बारे में पूछा (चूंकि प्लेटफॉर्म के पास डेटा है), तो एक व्यक्ति ने यहां तक कहा कि बड़े ब्रांड इस दृष्टिकोण को सांझा नहीं करते। लेकिन कुर्ती या अगरबत्ती बनाने वाली एक छोटी कंपनी ग्राहक डाटा के नुकसान के बारे में कम चिंतित है। फिर किराना व्यापारी आता है, जो कई खतरों का सामना कर रहा है। दो दशक पहले, ये आधुनिक व्यापार आऊटलैट थे। भारतीय किराना अस्तित्व के मामले में माहिर है। उन्होंने डिजिटल तकनीक, यूपीआइ भुगतान इंटरफेस, त्वरित डिलीवरी और बहुत कुछ अपनाया है।

**कुछ समझदार किराना व्यापारी पहले से ही विशेषज्ञ खाद्य दुकानें, मिनी-सुपरमार्केट बन रहे हैं, या अपनी खुद की कुशल डिलीवरी प्रणाली स्थापित कर रहे हैं।**



**एक विशेषज्ञ ने मुझे बताया, स्थानीय किराना अपनी स्थानीय सुविधा के कारण दुर्जेय आधुनिक व्यापार से बच गया। किराना तक चल कर जाना और अपनी जरूरत की चीजें खरीदना आसान था, जबकि कष्ट करके सुपरमार्केट तक जाने के लिए पर्याप्त धन खर्च करना, दी जाने वाली छूट को उचित नहीं ठहराता।**

जैसा कि एक विशेषज्ञ ने मुझे बताया, स्थानीय किराना अपनी स्थानीय सुविधा के कारण दुर्जेय आधुनिक व्यापार से बच गया। किराना तक चल कर जाना और अपनी जरूरत की चीजें खरीदना आसान था, जबकि कष्ट करके सुपरमार्केट तक जाने के लिए पर्याप्त धन खर्च करना, दी जाने वाली छूट को उचित नहीं ठहराता। अमेरिकी खरीदारों के विपरीत, जो कॉस्टको/वॉलमार्ट से हर महीने छूट वाली किराने की वस्तुएं खरीदते हैं और उन्हें अपने बड़े घरों/गैरेजों में रखते हैं, शहरी भारतीयों के घर छोटे होते हैं।

फिर लगभग 10 साल पहले, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और मार्केटप्लेस आये। उन्होंने बहुत ज्यादा छूट दी, लेकिन उनकी सीमाएं थीं। आपको यह सुनिश्चित करने की जरूरत थी कि डिलीवरी कब होगी। और अगर आप अगली बिल्डिंग में किसी दोस्त से बात कर रहे थे, जैसा कि ज्यादातर भारतीय करते हैं, तो आप डिलीवरी से चूक जायेंगे। इस आखिरी मील या आखिरी मिनट की समस्या को क्विक कॉमर्स (क्यू-कॉम) व्यापारियों ने हल कर दिया है। वे सीमित रेंज में सामान देते हैं। छूट कॉस्टको के स्तर पर नहीं है, लेकिन वे 10 या 15 मिनट के भीतर डिलीवरी का वादा करते हैं। यह मॉडल घनी आबादी वाले शहरों के लिए एक विजयी प्रस्ताव है, जबकि सभी क्यू-कॉम व्यापारी अभी भी पैसे खो रहे हैं, लेकिन वे प्रभाव डालते दिख रहे हैं।

जैसा कि इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बताया, किराना व्यापारी स्वाभाविक रूप से अक्षम हैं। वे जीवित रहते हैं, क्योंकि वे अक्सर अचल संपत्ति के मालिक होते हैं (या पुरानी दरों पर किराया देते हैं) और परिवार दुकान चलाता है, इसलिए कोई या न्यूनतम वेतन लागत नहीं होती। यह उन्हें अक्षमताओं के बावजूद कम मार्जिन के साथ काम करने की अनुमति देता है।

अपने स्थानीय किराना से लिक्विड डिटर्जेंट का एक बड़ा पैक खरीदने की कोशिश करें और आपको इस तरह के बहाने सुनने को मिल सकते हैं, कंपनी का आदमी अभी तक नहीं आया। या आखिरी पैकेट कल ही बिक गया था।

ऐसा कहने के बावजूद, मेरा मानना है कि विनम्र भारतीय किराना व्यापारी बिना संघर्ष के हार नहीं मानेंगे। वे अपने उद्देश्य के लिए सरकार से समर्थन मांग रहे हैं। कुछ समझदार किराना व्यापारी पहले से ही विशेषज्ञ खाद्य दुकानें, मिनी-सुपरमार्केट बन रहे हैं, या अपनी खुद की कुशल डिलीवरी प्रणाली स्थापित कर रहे हैं। कुछ तो अपनी 'खाता' प्रणाली का विस्तार भी कर रहे हैं। यह एक कठिन लड़ाई होने जा रही है।

## देश-विदेश की खबरें

# हरियाणा में कांग्रेस का सरकार बनाने का गुब्बारा राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह फूटेगा : मोदी

**कांग्रेस विधायक ने लोगों को घर छोड़ने की धमकी दी**

**इनके राज में दामाद और दलालों का बोलबाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिसार।** रियाणा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को हिसार में रैली को संबोधित किया। यहां मोदी ने कहा कि हरियाणा में भी कांग्रेस का सरकार बनाने का गुब्बारा राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह फूटेगा। हिमाचल प्रदेश में भी इन्होंने झूठ बोल कर सरकार बनायी।

पीएम मोदी ने बिना नाम लिये नूंह के फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान की धमकी से जुड़े मामले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अगर सबसे बड़ा सांप्रदायिक दल कोई है, तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस की सांप्रदायिकता की सजा हरियाणा भी भुगत रहा है।

कांग्रेस के विधायक की धमकी सुनी होगी, कांग्रेस अगर जीती तो लोगों को घर छोड़ना होगा। सत्ता तो अभी मिली नहीं है, लेकिन ये जनता को भड़काने का काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अर्बन नक्सलियों के चंगुल में फंसी हुई है। इनके नेता विदेश में जाकर भारत विरोधियों से मिलते हैं। पाकिस्तान इनकी नीतियों को पसंद क्यों करता है?।




पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ लूट-खसोट ही नहीं करती, बल्कि निर्लज्जता से उसका बचाव भी करती है। कांग्रेस के राज में कैसे दलालों और दामाद का ही बोलबाला था। ये मैंने हरियाणा की जनता के सामने रखा, अगर किसी को पछतावा होता, तो वह हरियाणा की जनता से माफी मांगता, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने आपसे माफी नहीं मांगी, बल्कि बड़ी बेशर्मी से दलालों और दामाद का बचाव कर रहे हैं।

बता दें कि हरियाणा चुनाव को लेकर मोदी की यह तीसरी रैली है। इससे पहले वे 15 सितंबर को कुरुक्षेत्र और 25 सितंबर को सोनीपत के गोहाना में रैली कर चुके हैं। चुनाव को लेकर फरीदाबाद में उनकी चौथी और आखिरी रैली होगी।

### नेपाल ने कोसी और गंडक बराज से 10.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

# बांध टूटा, बाढ़ की तबाही शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**सुपौल।** नेपाल प्रभाग में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद कोसी नदी एक बार फिर उफान पर है। बीते 24 घंटों में ही कोसी नदी के जलस्तर में करीब 4 लाख क्यूसेक का उछाल आया है। नेपाल के बराह क्षेत्र में दोपहर 01 बजे 4 लाख 45 हजार 550 क्यूसेक पानी और कोसी बराज से पांच लाख 21 हजार 455 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है। कोसी के उफान से सुपौल सहित, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, दरभंगा, खगड़िया, कटिहार और भागलपुर जिलों में भारी तबाही मचने की आशंका थी। कुछ घंटे बाद शाम चार बजे अपडेट आया कि नेपाल ने कोसी बराज वीरपुर से 549500 और गंडक बराज वाल्मीकिनगर से 501650 क्यूसेक पानी छोड़ दिया है। फिर शाम छह बजे कोसी बराज का डिस्चार्ज बढ़कर 5,67,760 हो गया। इसके साथ ही बिहार में बाढ़ की तबाही शुरू हो गई है। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को हाई अलर्ट जारी किया है। इस बीच, नेपाल के फतुहा पुल के समीप (लालबकेया) नदी का बांध टूटने से भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की तबाही का डर सामने आ गया है।

**परिचालन पूरी तरह रोक दिया गया है :** इधर, जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए नेपाल प्रभाग स्थित कोसी बराज से वाहनों का परिचालन पूरी तरह रोक दिया गया है। सुपौल में जिलाधिकारी कौशल कुमार खुद ही तटबंध के इलाकों की निगरानी में निकले हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटों में नेपाल प्रभाग स्थित कोसी नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में 200 एमएम से भी अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसके कारण कोसी नदी अचानक उफनाई है। प्रशासन की ओर से माइकिंग करायी जा रही है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए अपील की जा रही है। प्रशासन की माइकिंग में स्पष्ट किया गया है कि दोपहर 12 बजे कोसी बराज का डिस्चार्ज बीते 56 वर्षों में सर्वाधिक है।

**तटबंध के इलाकों से पलायन करने लगे हैं लोग :** कोसी नदी के जलस्तर में शुक्रवार की शाम से जारी उछाल के बाद सुपौल में नेपाल सीमा से सटे इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। शनिवार की सुबह 10 बजे कोसी बराज से 4 लाख 80 हजार 495 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया है। प्रशासन ने दोपहर 12 बजे 6 लाख 81 हजार 639 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज की संभावना जताई है। यही कारण है कि बाढ़ का पानी फैलने के साथ ही लोग तटबंध के इलाकों से पलायन करने लगे हैं।

# कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर। कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं। पांचों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। साउथ कश्मीर के डीआइजी जाविद इकबाल मट्टू ने भास्कर को बताया कि आदिगाम एनकाउंटर में मारे गये दोनों आतंकियों की पहचान हो गयी है। इनमें एक आतंकी आकिब अहमद शेरगोजरी जो बडगाम के चड़ूरा का रहने वाला है। दूसरा आतंकी उमैस वानी है, जो कुलगाम के ही चावलगाम का रहनेवाला है। दोनों आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह 7:05 बजे पर पोस्ट के जरिये मुठभेड़ की जानकारी दी।**

# बेंगलुरु कोर्ट ने निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआइआर का दिया आदेश

**बेंगलुरु। गलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने 27 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल में 42वीं एसीएमएम कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, इडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, तत्कालीन भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बीवाइ विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी।**

# हिजबुल्लाह ने 20 घंटे बाद माना कि चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया

## इजराइल ने हेडक्वार्टर को 80 टन बम से उड़ाया था

- **ईरान में खामेनेई भेजे गये सुरक्षित जगह**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले के 20 घंटे बाद चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्लाह ने शनिवार शाम 5 बजे कहा कि शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में नसरल्लाह की मौत हो गयी। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया। यह इतना भीषण था कि आसपास की 6 बिल्डिंग ध्वस्त हो गयीं। बताया जा रहा है कि नसरल्लाह अपनी बेटी के साथ यहीं मौजूद था। आइडीएफ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पायेगा। नसरल्लाह के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, ईरान में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने इमरजेंसी मीटिंग बुलायी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।





**बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका से दिया था हमले का आदेश :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को वठ में भाषण देने के बाद अपने होटल रूम से हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमले की इजाजत दी थी। अटैक के बाद इजराइली पीएम ऑफिस ने नेतन्याहू की एक तस्वीर जारी की थी, जिसमें वे लैंडलाइन फोन से लेबनान में हमले का आदेश दे रहे हैं।

# कोलकाता के अस्पताल में मरीज की मौत के बाद डॉक्टरों से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता से सटे कमरहट्टी इलाके में स्थित सागर दत्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार रात एक मरीज की मौत को लेकर उसके स्वजन ने ड्यूटीरत जूनियर डॉक्टरों,नर्सों और अन्य चिकित्साकर्मियों की पिटाई कर दी। इसमें सात लोग घायल हो गए। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों व नर्सों ने पुख्ता सुरक्षा की मांग करते हुए काम बंद कर दिया। घटना ने बंगाल के सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। मालूम हो कि




आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समस्त सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की बात कही थी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस बाबत दिशानिर्देश भी जारी किया गया था।

## मंझिआंव में कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क का बुरा हाल, ग्रामीणों में नाराजगी



मांझीआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र एवं प्रखंड क्षेत्रों में कई सड़कों का बुरा हाल है। वहीं बुढ़ीखांड़-करमडीह भाया अधौरा दुबे तहले का जो बुरा हाल है, उसे बयां नहीं किया जा सकता है। इस सड़क से खरसोता भाया चाका, अधौरा, दुबेतहले, करमडीह, रामपुर, जहारसराय होते हुए मेराल की ओर जाते हैं। वहीं बताते चलें कि 15,16 सितंबर को हुई भारी बारिश के कारण चाका और अधौरा गांव के बीच सड़क टूट चुका है। जिससे सड़क लगभग पांच फीट चौड़ा और लगभग 3 फीट गहरा गड्ढा हो चुका है। बुढ़ीखांड़ भाया चाका, अधौरा, दुबेतहले होते हुए करमडीह तक सड़क बनना चाहिए था। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि इधर हंगामा की जानकारी मिलने और पंचायत का विरोध ना हो, जिसके कारण पंचायत मुखिया महताब आलम और बीडीसी प्रतिनिधि जिया खान लोगों के साथ फोटो खिचवाने के लिए शामिल हो गये।

## आरकेपीएस में नर्सरी से आठवीं कक्षा का टर्म-वन परीक्षाफल घोषित

### जूनियर विंग्स में जैश राज (99.8) और मिडिल विंग्स में अक्षरा (96.33) ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर के पब्लिक स्कूल सोनपुरवा, गढ़वा में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं का टर्म-वन परीक्षाफल घोषित किया गया और अभिभावकों के बीच रिजल्ट का वितरण बच्चों के क्लास में ही कक्षावार किया गया। इस शुभ अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय व उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। उन्होंने सभी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, अनुज कुमार पांडेय, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, गीता पांडेय, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, एसडी सिंह, सनोज यादव, शिखा रानी अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं संबंधित कक्षाओं के अभिभावक उपस्थित थे। **परीक्षा परिणाम**:- कक्षा नर्सरी में अनुष्का शर्मा 98.75%,,एलकेजी में कार्तिक कुमार मिश्रा 96%,यूकेजी में अयांश सिंह 99.2%, पहली कक्षा में जैश राज 99.8%, दूसरी कक्षा में फरीद अहमद खान 91.4%, कक्षा तीन में दिव्य प्रकाश 98%,कक्षा चार में अब्दुल रहमान ने 97%, कक्षा पांच में सौरभ कुमार 97.6%,छठी कक्षा में अभास पटनायक 94.3%, सातवीं कक्षा में अक्षरा सिकरवार ने 96.33% और कक्षा आठवीं में सौरभ ठाकुर ने 93.16% अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में निःशुल्क इलाज से दिव्यांग दंपति को मिला नया जीवन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले का प्रसिद्ध परमेश्वरी मेडिकल सेंटर, जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और लगातार असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क सेवाएं प्रदान करता आ रहा है, ने एक और महान कार्य को अंजाम दिया। अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि हाल ही में उन्होंने एक महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया, जो दोनों पैरों से दिव्यांग है। यही नहीं, महिला के पति भी दोनों पैरों से विकलांग हैं। मरीज रूती देवी, पति जितेंद्र बिंद, ग्राम खजुरी, पोस्ट लगमा, थाना जिला गढ़वा के निवासी, दोनों पति-पत्नी दिव्यांग होने के बावजूद साहस और हिम्मत के साथ जी रहे हैं। विगत 9 महीनों से उनकी देखरेख परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में की जा रही थी। डॉ. नीतू सिंह के नेतृत्व में यह पूरी प्रक्रिया बिल्कुल निःशुल्क की गयी, और अब जब रूती देवी के गर्भावस्था के 9 महीने पूरे हो गए थे, तब सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। रूती देवी और उनके परिवार ने इस कार्य के लिए डॉक्टर नीतू सिंह, डॉ. निशांत सिंह और अस्पताल की पूरी टीम को दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिना अस्पताल के सहयोग और देखरेख के यह संभव नहीं हो पाता। **आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए निरंतर सेवा**: अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निशांत सिंह ने बताया कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर हमेशा से ही आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के उपचार के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल का पूरा स्टाफ इस तरह के मामलों में मरीजों की सहायता करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है, और आगे भी इसी भावना के साथ समाज की सेवा करता रहेगा।

## दुर्गा पूजा को लेकर बड़गड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर बड़गड़ थाना परिसर में थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य की अध्यक्षता में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी ने 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दुर्गा पूजा समारोह के आयोजन कर्ता पूजा समिति के सदस्यों से सरकारी दिशा निर्देशों के तहत शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार, पुइनी विजय शंकर राय, प्रभु प्रसाद मेहता, वशिष्ठ राम सहित बड़गड़ पूजा समिति के अध्यक्ष प्रेमशागर जयसवाल, रमेश सोनी, सोमा टोप्पो, अर्जुन मिंज, नारद, अनिल आदि उपस्थित थे।

## नितेश सिंह ने चुतरू और दूधवल पंचायत का किया दौरा



रंका (आजाद सिपाही)। बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू और दूधवल पंचायत का दौरा किया और झामुमो बुथ कमेटी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र के साथ साथ उपस्थित ग्रामीणों को झारखंड सरकार के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नितेश सिंह ने उक्त पंचायतों के सभी बुथ कमेटी के लोगों को सशक्त बुथ बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए एवं बुथों के ग्रामीण जनता का हाल चाल भी जाना तथा उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विकास प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, चुटिया मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, युवा नेता शंभू यादव, मुखिया खालिद अंसारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनता का हक लूटने वालों की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : मंत्री मिथिलेश

### मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में जन संवाद आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। तब भाजपा के लोग कोर्ट में जाकर उसको रोकने का प्रयास कर रहे हैं। जनता का हक लूटने वालों की साजिश हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे। हर हाल में बेटी, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का पैसा मिलेगा। मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे।

शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड अंतर्गत चामा पंचायत के ग्राम गोबरदाहा में समदा टोला प्रावि के समीप, तेलायदह यादव टोला प्रा वि के समीप, कुसमही आंगनबाड़ी केंद्र के समीप, ग्राम चामा में उर्दू मध्य विद्यालय के समीप, सलवनमा टोला प्रावि के समीप, चामा चरका पत्थर टोला में जब्बार अंसारी के घर के समीप, चामा हरिजन मुहल्ला में सामुदायिक भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, साबिर अंसारी, नसीम अख्तर, मुश्ताक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अमीनुद्दीन अंसारी, उदय यादव, सुरेंद्र, धर्मेंद्र परहिया, मीना, सोनू, रिंकी देवी, नसीम, सैफुल्लाह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंत्री मिथिलेश के विधायक निधि से शहर में लगेगी एक हजार स्ट्रीट लाइट

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विधायक निधि से गढ़वा शहरी क्षेत्र में 1000 स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा। आगामी दशहरा पर्व के पूर्व प्रत्येक वार्ड में 50-50 स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन कर दिया जायेगा। दशहरा में पूरा शहर दुधिया रौशनी से जगमग होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विधायक निधि का इस्तेमाल सही तरीके से किया जाये, तो बहुत सारा काम हो सकता है। इससे पूर्व भी विधायक निधि से सोलर स्ट्रीट लाईट, यात्री शेड, शमशान शेड, पीसीसी आदि काफी संख्या में बनाये गये हैं। आज पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों सहित विधायक निधि से किया गया कार्य भी चारों तरफ दिखलाई पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि दशहरा से पहले पूरा शहर स्ट्रीट लाईट की रौशनी से जगमग हो जायेगा।

# डंडई में स्थायी बीडीओ नहीं रहने से मनरेगा सहित अन्य कार्य बुरी तरह हो रहा प्रभावित

### पिछले एक वर्ष से प्रखंड कार्यालय प्रभारी बीडीओ के सहारे चल रहा है

जितेंद्र यादव

**डंडई।** डंडई प्रखंड कार्यालय में स्थाई बीडीओ नहीं रहने से मनरेगा सहित अन्य जरूरी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पिछले एक वर्ष से डंडई प्रखंड कार्यालय प्रभारी बीडीओ के सहारे चल रहा है। इसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। तत्कालीन बीडीओ सोमा उराव के ट्रांसफर होने के बाद अब तक यहां स्थायी बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गई है। उनके ट्रांसफर के बाद राहुल कुमार शानू को डंडई बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। कुछ दिनों बाद ही उन्हें हटाकर मेराल के बीडीओ जागो महतो को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। वे फिलहाल

मेराल तथा डंडई दोनों के प्रभार में है। मेराल की दूरी डंडई से करीब 15 किमी है। ऐसे में कभी तय नहीं रहता है कि बीडीओ कब कार्यालय में मिलेंगे। अगर जनता को किसी काम के लिए उनसे मिलना हो तो काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वे ज्यादातर मेराल ब्लॉक में ही रहते हैं। कभी कभार ही डंडई ब्लॉक आते है। प्रखंडवासियों का कहना कि प्रखंड कार्यालय में स्थायी रूप से बीडीओ के नही रहने के प्रखंड में कई विकास योजना प्रभावित हो रही है। वही योजना का मॉनिटरिंग भी नहीं हो रही है। इधर सोनेहरा बीडीसी लालमूनी पासवान,शिवधर यादव, शिव प्रसाद यादव,पप्पू यादव,नागेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि डंडई प्रखंड कार्यालय में इन दिनों कोई कार्य नहीं हो रहा है। ग्रामीण प्रतिदिन ब्लॉक कार्यालय पहुंच रहे हैं, पर कार्यालय में कोई कर्मी नहीं मिल रहे है। जिससे ग्रामीणों को बिना काम कराये बैरंग लौटना पर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा कर्मियों को हड़ताल पर जाने की वजह से डंडई में मनरेगा का कार्य पिछते 3 महीनों से बंद है। मनरेगा कर्मियों को हड़ताल पर जाने से मनरेगा कार्य प्रभावित ना हो इसके लिए सरकार का निर्देश है कि दूसरे को प्रभार देकर कार्य कराना है। पर डंडई में पदाधिकारियों के द्वारा कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था अभी तक नहीं किया गया। वही जिले के कई प्रखंडों में बीडीओ के द्वारा दूसरे को प्रभार देकर मनरेगा का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कूप निर्माण कार्य में मिट्टी का काम बंद तो है ही, वही कूप निर्माण का मनरेगा मजदूरी बकाया है। अबुआ आवास, आम बागवानी, दीदीबाड़ी योजना मेडबंदी आदि में डिमांड नहीं लगने से पूरी तरह से कार्य ठप्प हो गया है। जिससे मजदूर बेरोजगार हो गए है। साथ ही मजदूर पलायन को विवश हैं। बता दें कि मनरेगा के तहत मजदूरों को प्रतिवर्ष न्यूनतम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराना है।

# बाबू दिनेश सिंह विवि गढ़वा के कुलपति लंदन के यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वरहैंपटन में अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म सम्मलेन में आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह, लंदन के यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वरहैंपटन में 15वें अंतर्राष्ट्रीय टूरिज्म सम्मलेन में अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा और पूरे झारखंड राज्य के लिए यह गौरव की बात हैं कि लंदन के यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वरहैंपटन विश्वविद्यालय द्वारा 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले, 15वें भारतीय टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सम्मलेन में प्रोफेसर एमके सिंह, कुलपति बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड की अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी व्यवस्था में सुधार और टूरिज्म में तकनीकी उपयोग कर निरंतर प्रगति का मार्ग सुनिश्चित कर उद्योग को बढ़ावा देना है। प्रोफेसर एमके सिंह, कुलपति इस सम्मलेन में भाग लेने हेतु 29 सितंबर को एक सप्ताह के लिए लंदन प्रस्थान करेंगे। राष्ट्र के उच्चतर शिक्षा में तथा टूरिज्म उद्योग के विस्तार में प्रोफेसर सिंह का काफी योगदान रहा है। विदित हो कि भारत सरकार के टूरिज्म मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दिल्ली द्वारा प्रोफेसर सिंह ने अनुदान प्राप्त कर झारखंड और बिहार में कई स्थान जैसे देवघर, राजगीर और बोधगया में बड़े और सूक्ष्म शोध प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण कार्य किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वरहैंपटन, लंदन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है साथ ही विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ अजय भूषण प्रसाद ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के एडीजे टु मनोज कुमार त्रिपाठी, एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति प्रभारी सचिव अरविंद कच्छप, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार चौबे, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सिविल जज सीनियर डिवीजन निशिकांत कुजुर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रभारी न्यायाधीश अनुमंडल व्यवहार न्यायालय शैलेंद्र कुमार नापित, मुंसफ शाकिया कौसर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित लोक अदालत में विभिन्न मामलो के निष्पादन के लिए 6 बेंच लगाया गया था। पहले बेंच पर एडीजे वन संजय कुमार, दूसरे बेंच पर एडीजे टु मनोज कुमार त्रिपाठी, तीसरे बेंच पर एसीजेएम अरविंद कच्छप, चौथे बेंच पर निशिकांत कुजूर, पांचवी बेंच पर शैलेंद्र कुमार नापित तथा छठे बेंच पर मुंसफ शाकिया कौसर उपस्थित थे। लोक अदालत में 640 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें 38 लाख 75 हजार 68 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। बैंको से संबंधित मामलों में 29 लाख 49 हजार 268 रूपये ऋण प्राप्त हुये। कोर्ट रिकवरी मामलों में 9 लाख 25 हजार 800 रूपये राजस्व प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीजे टु मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नगर ऊंटरी व्यवहार न्यायालय में जब से जिला विधिक सेवा समिति का गठन हुआ है। न्यायलय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत वर्ष में चार बार और प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को लगाया जाता है। लोक अदालत में विद्युत से संबंधित, बैंक से ऋण से संबंधित मामलों के लिए गढ़वा जाना पड़ता था। मौके पर व्यवहार न्यायालय के सभी अधिवक्ता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) प्रेम कुमार झा व स्थानीय शाखा प्रबंधक अजय कुमार और बैंक के अजीत कुमार, सेंट्रल बैंक पुरैनी शाखा के संजीव लंग व पाल्हे कला के रंजीत कुमार पांडेय,भवनाथपुर सिंघी ताली पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मेहता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## केतार में आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारिता समिति की वार्षिक आम सभा आयोजित




केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केतार पंचायत सचिवालय में शनिवार को और शुक्रवार को परसोडीह पुराना पंचायत भवन स्थित सिएलएफ ऑफिस में आजीविका महिला संकुल संगठन प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लि. का वार्षिक आम सभा का बैठक आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अरविंद कुमार पासवान, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, पाचाडुमार मुखिया श्यामसुंदर बैठा,मुखिया बसंती देवी, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह ने अपने अपने पोषक क्षेत्र के संकुल में संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अरविंद कुमार पासवान ने कहा कि आज सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलायी जा रहा है। जिसमें समूह में जुड़े हुए दीदी को विभिन्न प्रकार के लोन प्रदान किया गया है। जैसे समुदायीक निवेश निधि, चक्रीय निधि, विभिन्न प्रकार के बिमा करके दीदी को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। आजीविका के विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से भी जोड़ जा रहा है। जैसे मुर्गी पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, गाय पालन, मसरूम के खेती, धान के खेती, विभिन्न प्रकार के दुकान संचालित दीदी करके अपनी आजीविका को बढा रही है। इस मौके पर सखी मंडल के अध्यक्ष गीता देवी,सचिव चंचला देवी, कोषाध्यक्ष नयना कुमारी गुप्ता, सीसी सत्येंद्र कुमार ठाकुर, संजय राम, आईपीआरपी भोला उरांव, डीईओ आरती देवी, राजेश विश्वकर्मा, बीआरसी सफीना बानो, सीआरपी मेराज अहमद, नेहा, मीना, खुशबू ललिता सहित सैकड़ों दीदी उपस्थित थे।

## ओबीसी अधिकारों के लिए जागरूकता अभियान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। ओबीसी एकता अधिकार मंच के तत्वाधान में अमर प्रसाद ने कांडी प्रखंड में एक जन जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा और आरक्षण से संबंधित मूलभूत चीजों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज के बच्चों को पढ़ने में मन नहीं लगता क्योंकि उन्हें पता है कि हमारी शिक्षा में कमी है और हमें अच्छी शिक्षा नहीं मिल रही है, उन्होंने बताया कि शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता, और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास, और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती है। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा लगता है। इस अवसर पर संजय गुप्ता, विजय कमलापुरी, चंदन चंद्रवंशी, धर्मेंद्र, शिव प्रसाद इत्यादि मौजूद थे। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में शिक्षा और आरक्षण के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करना था, ताकि सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## वार्षिक आमसभा में महिलाओं को दी गयी वित्तीय साक्षरता की जानकारी



मेराल (आजाद सिपाही)। सामुदायिक भवन में शनिवार को स्वयंसेवी संस्था अग्रगति रामगढ़ के तत्वाधान में एसएलपीएस द्वारा आयोजित वार्षिक आमसभा में वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा एसएचजी की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सीएफएल कोऑर्डिनेटर गुरुदेव विश्वकर्मा और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा गढ़वा के वित्तीय साक्षरता सलाहकार राजीव दुबे द्वारा उपस्थित महिलाओं को बैंक से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन को लेकर चर्चा करते हुए बताया कि चार दिन पूर्व मेराल बस स्टैंड अंबेडकर चौक के पास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर श्याम सुंदर महतो, रूपेश कुमार ठाकुर, प्रशिक्षिका अंजू कुमारी, देवकांत कुमार, अनीता भारती, रानी देवी, वीरेंद्र कुमार ठाकुर, डोली देवी सहित कई महिलाएं शामिल थी।

E-Procurement Cell,
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, KHUNTI

VERY SHORT TERM E - TENDER NOTICE
E - TENDER Reference No. : KHN/BLD/01/2024-25

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Civil work/ Renovation of MCH Building Khunti for the Installation of fire Fighting work at Khunti, Dist - Khunti for the Year 23-24. (Second Call) | Rs. 89,76,269.00 | Rs. 1,79,550.00 | Rs. 10,000.00 | 06 (Six) Months |
| 2 | Construction of Model Storage Fascilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotropics Substances at Khunti, Dist - Khunti for the Year 2024-25. | Rs. 67,63,213.00 | Rs. 1,35,300.00 | Rs. 10,000.00 | 04 (Four) Months |

नोट– 1. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.10.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई– निविदा अपलोड की अंतिम तिथि : 15.10.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.10.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–निविदा खुलने का स्थान – अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
6. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

E-Procurement Cell,
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,
BUILDING DIVISION, KHUNTI

PR 337557 Building (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष– 2024–25दिनांक– 27.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 15.10.2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.10.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 16.10.2024 को 03.30 बजे अपराहन से। |
| 5. | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़। |

7. कार्य की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | रामगढ़ | Road Safety Work in Different Roads under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 40.00 | 80,000/- | 5,000/- | 02(दो) माह |
| 2 | | | House Keeping Work of Divisional Office & Naisarai Inspection Bungalow under Non-Plan Head for the year 2024-25 | 05.00 | 10,000/- | 750/- | 31.12.2025 तक |

•निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
•प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
• कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र, GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
•PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10% प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 337513 (Road)24-25*D

## मेदिनीनगर में किसानों को प्रोत्साहित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने की घोषणा

# हम पलामू की पूरी अरहर खरीदेंगे: शिवराज

### कहा : प्रशिक्षण ही कृषि की दिशा और दशा तय करेगी

**हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान में एग्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक का वर्चुअली किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मेदिनीनगर से हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान में एग्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक का वर्चुअली शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड का पलामू क्षेत्र अरहर की दाल के लिए अच्छा है। बेहतर मूल्य नहीं मिलने से अरहर की खेती कम हो गई। इस धरती पर अरहर, चना, मसूर और दाल की खेती की संभावना है। हम यहां की पूरी अरहर खरीदेंगे, जिससे किसान का प्रोत्साहन हो। यहां एक टीम आ सकती है। हम अध्ययन करें कि कैसे उत्पादन बढ़े, कैसे बेहतर बीज बनाये जा सकें। उन्होंने कहा कि हम कई बार शॉर्ट फॉर्म बना देते हैं तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है। हम शॉर्ट फॉर्म का उपयोग न करें। मैनेज जो काम कर रहा है, उस अर्थ का बोध नहीं होता है। ऐसा होना चाहिए, जिससे कोइ अर्थ निकले। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि कैसे किसानों की आय बढ़ाई जाये। साथ में हमारी खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया जाये। 140 करोड़ आबादी को भरपूर अन्न, फल, सब्जी मिले। हम अपनी जरूरत को खुद पूरा कर सकें। खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एक तरफ आजीविका सुनिश्चित करना और दूसरी तरफ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, ये हमारी जिम्मेदारी है। कहा कि हमारे यहां प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श, कई योजनाओं का क्रियान्वयन का काम हमें सौंप गया है। हमें खेती का विविधीकरण करना है, वेल्यू एडीशन करना है। इसके साथ एक काम है प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना। फर्टिलाइजर के दुष्परिणाम दुनिया के सामने हैं। धरती की गुणवत्ता कम हो रही है, मनुष्यों को भी नुकसान हो रहा है। हमें प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती को भी सम्मिलित करना होगा। कहा कि हम विस्तार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हैं, कृषि वैज्ञानिक, विश्वविद्यालय संकाय के सदस्य, बेरोजगार युवाओं, इनपुट डीलर्स को प्रशिक्षण देते हैं। यहां प्लेसमेंट की दर उत्साहित करने वाली है। कृषि स्टार्टअप्स का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के हमारे मॉड्यूल और पाठ्यक्रम परंपरागत तो हों ही, साथ ही वो आज की आवश्यकताओं को भी पूरा कर पाएं। भविष्य में जो शोध अनुसंधान होता है, तो प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में हम पूर्व अनुमान लगाकर आने वाले वर्षों में कौन कौन से प्रशिक्षण की जरूरत होगी, उसको अभी से सोचना चाहिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि डीटेल और एडवांस प्लानिंग हमें प्रशिक्षण की भी करनी चाहिए। इस भव्य भवन में ग्रीन बिल्डिंग के कॉन्सेप्ट हैं। लेकिन भवन केवल शरीर है, आत्मा होंगे इस भवन में होने वाले प्रशिक्षण। ट्रेनिंग ही कृषि की दिशा और दशा तय करेगी। इस पर आप विशेष रूप से ध्यान देंगे। जब मैं कैंपस में आऊँगा, तब विस्तृत चर्चा होगी। कहा कि कल वे नेतरहाट में थे, यहां नाशपाती और आलू की खेती होती है। यहां कैसे बेहतर उत्पादन हो सकता है, अच्छे प्लांट कैसे मिल सकते हैं, कैसे खेती के बेहतर तरीके हो सकते हैं, इस पर काम करने का प्रयत्न करें।


पलामू में पत्रकारों से बातें करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध: एसडीओ

**दशहरा को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद एसडीओ कृष्णकांत कांवडिया और संचालन हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने किया। बैठक में एसडीओ ने कहा कि हुसैनाबाद में सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मानते हैं। इस परंपरा को कायम रखने की जरूरत है। पूजा आयोजकों से कहा कि किसी भी हाल में डीजे का उपयोग नहीं करना है। वहीं, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूजा के दौरान मुस्तैद रहेगी। पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ पोस्ट व गाने बजाने वाले पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रखेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने पर चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस मौके पर लोकनाथ केशरी, दिनेश कश्यप, झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ एजाज आलम, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि मौजूद थे।



## स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाना मुख्य उद्देश्य : प्राचार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर जपला एके सिंह कॉलेज की ओर से महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। निबंध प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में स्वच्छता के प्रति कल्पना एवं चिंतन शक्ति का विकास करना एवं आम लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग करना है। इसमें आलोक कुमार, शुभम प्रकाश, लाडले हसन, दिव्या कुमारी और प्रिया कुमारी आदि सैकड़ो स्वयंसेवक व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान आलोक कुमार एवम तृतीय स्थान दिव्या कुमारी हुई। संचालन नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह व प्रोफेसर राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि स्वयंसेवकों के अंदर छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आए। कहा कि निरंतर अभ्यास से लेखन, कौशल और चिंतन शक्ति का विकास हो सकता है। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर अरुण सिंह और प्रोफेसर सुदीप सिंह ने भी प्रतियोगिता का अवलोकन किया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में नींबू और केला के पौधे लगाकर स्वच्छ वातावरण निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर शिव कुमार विश्वकर्मा, डॉक्टर आलोक रंजन, प्रोफेसर अशोक सिंह, प्रोफेसर सुधीर सिंह और प्रोफेसर रेखा सिंह आदि उपस्थित थे।

## कई केवालदारो का नाम नया खतियान में नहीं चढ़ने पर दो पक्षों में विवाद गहराया



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा अंचल क्षेत्र के मड़वा मौजा के अंतर्गत कई केवालेदारों का नया खतियान में नाम नहीं दर्ज होने से दो पक्षों में विवाद गहराता जा रहा है। जबकि केवालेदारों का कब्जा अपने केवाला के हिसाब से काबिज हैं। केवालेदार सुरेश यादव, काली यादव, कमलेश यादव, सुरेंद्र यादव पिता स्व रामनाथ यादव, सत्येंद्र यादव, रामाशीष यादव, नन्हकू यादव, मोहन यादव पिता शिवनाथ यादव ग्राम भंडारडीह थाना छतरपुर और मुरारी कुमार सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह पिता स्व. रमता सिंह ग्राम सुल्तानी थाना हरिहरगंज द्वारा 1998 में पिपरा प्रखंड के मड़वा मौजा के खतियानी रैयत दूना सिंह के वंशज कामता सिंह से 13 एकड़ 20 डेसिमल जमीन का केवाला करवाया था। जो नया खतियान में सर्वे अधिकारी की गड़बड़ी से सुशील कुमार व पानपति कुंवर के नाम से चढ़ गया है। इस मामले में 2006 में 87 की गई। जबकि 2022 से न्यायालय में टाइटल सूट चल रही है। केवालेदारो ने पिपरा अंचलाधिकारी से भी शिकायत की है। लोगों ने बताया कि अपने अपने जमीन के कुछ हीसे तिरुपति बालाजी क्रेशर प्लांट को पुराना खाता प्लॉट के हिसाब से एग्रीमेंट करवाया है। जिसके एवज में केवालेदारों को रेंट मिलती है। कहा कि करीब करीब 25 वर्षों से अपने केवाला के जमीन पर दखल कब्जा कर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं।जान दे देंगे पर जमीन नहीं देंगे। वहीं केवालेदारों ने न्यायालय में नया खतियान में सुधार करने की गुहार लगाई है।

## पति-पत्नी के बीच तीन वर्ष से चल रहा विवाद सुलझा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच तीन बर्ष से चल रहा विवाद भी कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के प्रयास से सुलह कराया गया। पति पत्नी अब साथ रहने पर सहमत हुए हैं। दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर गले लगाया व घर के लिए विदा हो गया। विदित हो कि अनीता देवी ने अपने पति सुग्रीव विश्वकर्मा जो सतबरवा थाना अंतर्गत झाबर गांव का निवासी है। उनके विरुद्ध पलामू कुटुंब न्यायालय में भरण पोषण का एक मुकदमा 140/2021 दाखिल की थी। जिसमें सुलह कर ली। पति पत्नी साथ रहने पर सहमत हो गए। दोनों एक दूसरे का अच्छा से ख्याल रखेंगे। दोनों के दांपत्य जीवन से एक बच्ची संजना कुमारी भी है उसका पढ़ाई आदि का खर्च सुग्रीव विश्वकर्मा द्वारा वहन किया जाएगा। दोनों पक्ष एक-दूसरे का ख्याल रखेंगे। साथ ही आपराधिक वाद जो निशिकांत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की अदालत में चल रहा है जिसका केस संख्या 1252 /2021 है उसमें भी सुलह करेंगे। दोनों पक्ष को न्यायालय से राजी खुशी से विदा किया। दोनो की शादी 2016 में हुई थी। व दोनो पक्ष पति पत्नी में मनमुटाव 2021 से चल रहा था। 2021 से अनिता देवी मायके में रह रही थी। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास ने दोनों को विदा कर प्रेम पूर्वक दांपत्य जीवन बिताने की सलाह दी। मौके पर बेंच मेंबर छाया सिंह भी उपस्थित थी।

## देश को विश्व के शिखर तक पहुंचाने में सबका सहयोग जरूरी : डॉ कौशल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के ताली चेड़ी माई धाम परिसर में शुक्रवार को विश्व पर्यटक दिवस पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पौधरोपण कर उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए उन्हें पर्यारण, प्रकृति व पर्यटन की सुरक्षा का संदेश दिया। कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। कहा कि राज्यभर से प्रतिदिन सैकड़ों लोग मां के दर्शन के लिए ताली चेड़ी आते रहते हैं। इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने से आसपास के लोगों की आर्थिक स्थिति में तो सुधार होगी ही साथ ही सरकार के राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी। जिससे क्षेत्र व राज्य का और विकास होगा। उन्होंने इसी उद्देश्य को लेकर उस परिसर में थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम , अमरूद, कटहल, लिची, आंवला, नींबू, भूटान के सिंदूर, हिमाचल कपूर आदि के 25 पौधा लगा कर इसकी शुरूआत की। डॉ कौशल ने कहा कि इस वर्ष विश्व के पांच देश और देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण व रोपण और वृक्षों रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी के आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। जिसका उद्घाटन अजरबैजान और थाईलैंड से किया गया था। इसके बाद इस अभियान के तहत कई राज्यों में पौधों का वितरण व रोपण किया गया। उसी कड़ी में शुक्रवार को कांडा के ताली में भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उदय महतो ने पर्यावरणविद डॉ कौशल के कार्यों की सराहना की। कहा कि पलामू के लिए यह गौरव की बात है कि हम सबों के बीच का कौशल किशोर जायसवाल आज देश ही नहीं विदेश तक अपनी एक अलग पहचान स्थापित किया है। मौके पर संतोष पासवान (गढ़वा), मथुरा भुईयां, प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, हिमाचल कुमार पंचवटी नगर, नंदू पासवान कूटमी आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर विधानसभा कांग्रेस का गढ़ है, घटक दल करे गठबंधन धर्म का पालन: अमृत शुक्ला

**संवाददाता सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं से पार्टी के नीति-सिद्धांतों को लेकर जन जन तक जाने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां की जानता ने हमेशा कांग्रेस पर भरोसा जताया है। कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताकर विधायक बनाया है। इसलिए विश्रामपुर विस क्षेत्र से कांग्रेस ही चुनाव लडेगी। घटक दल गठबंधन धर्म का पालन करें। क्षेत्र में भ्रम की स्थिति न बने इसका ख्याल रखें। अमृत शुक्ला शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद पार्टी की ओर से रेहला में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 35 वर्षों से सक्रिय राजनीत में हूं। सेवाभाव के साथ लोगों से जुड़कर रहा हूं। पार्टी का सच्चा सिपाही बनकर संगठन को मजबूत और विस्तारित करता रहा हूं। पार्टी के समक्ष विश्रामपुर विस क्षेत्र से चुनाव लडने का दावा हमने भी पेश किया है। पूरी उम्मीद है कि इस बार पार्टी मुझे मौका देगी। पार्टी के आला नेता मेरे साथ जरूर न्याय करेंगे। कहा कि आरोप-प्रत्यारोप में नहीं जाना चाहता, लेकिन क्षेत्र का यथोचित विकास नहीं हुआ है। पार्टी ने मौका दिया और जनता ने आशीर्वाद तो विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण विकास कर के दिखाऊंगा। हमारे पास विकास का विजन और रोडमैप दोनों है। अमृत शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाएं। मौके पर समाजसेवी सुधीर पांडेय, सेवानिवृत शिक्षक बीरेंद्र सिंह, मोहन विश्वकर्मा, इजराइल अंसारी, शमशेर अहमद, सीताराम चौबे, प्रो नंदलाल शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, नीरज शुक्ला, आलोक शुक्ला, अखिलानंद शुक्ला, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने विश्रामपुर का किया सर्वांगिक विकास : ललन प्रसाद

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** खैरा विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह भाजपा नेता ललन प्रसाद पांडेय ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल के दौरान हर क्षेत्र में विश्रामपुर का अपेक्षित विकास किया है। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया व सभी नदी नालों पर पुल पुलिया का निर्माण करवाया। जिससे



आज क्षेत्र में यातायात सुगम व सरल हो गया है। वे शनिवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक के अथक प्रयास का ही नतीजा है कि विश्रामपुर शिक्षा का हब बन गया। विकास को गति देने के लिए विस क्षेत्र में पांच प्रखंडों का सृजन कराया। कहा कि आमलोगों को विकास दिखाई पड़ रहा है,इसलिए जनता का समर्थन आज भी विधायक चंद्रवंशी के साथ है।

## प्रसिद्ध लोक कलाकार उदयनाथ तिवारी का निधन, क्षेत्र में शोक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तोलरा गांव निवासी प्रसिद्ध लोक कलाकार उदयनाथ तिवारी (87) का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जहां अंतिम सांस ली। तोलरा गांव स्थित कोयल नदी तट पर शविार को ही उनका दाह संस्कार भी कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे श्यामा तिवारी ने दी। उनके अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चनद्रवंशी,झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन दूबे उर्फ बिकास दूबे, अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, कांग्रेस के दिग्गज नेता ददई दूबे,नेत्री नूतन देवी सहित कई लोग शामिल हुए। इधर उदयनाथ तिवारी के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रसिद्ध तबलावदक शिशिर शुक्ला, प्रसिद्ध ब्यास शिव चौधरी,विजय बवाली सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# स्पोर्ट्स



**आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी इजराइल के जादुई खेल से हेहल स्पोर्टिंग की टीम चैंपियंस ट्राफी फुटबॉल जूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गयी। रविवार को उसका मुकाबला टाटीसिल्वे एफसी से होगा।**

## मेडिकल कैंप में 40 लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी के निर्देश के आलोक में शनिवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में स्वास्थय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सफाई कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों सहित कुल 40 व्यक्तियों के स्वास्थय जांच की गई। शिविर में दवा का वितरण भी किया गया। इस दौरान नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, कनीय अभियंता नीरज कुमार गुप्ता, सामुदायिक संगठनकर्ता बिचित्रा कुमारी, नाजीर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, कंप्यूटर ऑपरेटर लोकेश कुमार ,सभी नगर पंचायत कर्मी , सीएचसी के डॉक्टर देवेंद्र कुमार,ओम प्रकाश कुमार, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

## हेहल स्पोटिंग फाइनल में, टाटीसिलवे एफसी के साथ खिताबी भिड़ंत आज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी इजराइल के जादुई खेल से हेहल स्पोटिंग रांची की टीम चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। रविवार को फाइनल में हेहल का मुकाबला टाटीसिलवे एफसी के साथ होगा। गेतलसूद स्कूल मैदान में शनिवार को खेले गये बेहद रोमांचक सेमीफाइनल मैच में हेहल ने सुपर किंग्स अनगड़ा को 2-1 गोल से हराया। आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी इजराइल ने अपने अदभुत स्कील, सटीक पास व गजब हेडर व शूटिंग पावर से दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच के दौरान उसने कई बैक वोली लगाया। डिफेंस से खेल रहे इजराइल ने पांच निश्चित गोल बचाया। साथ ही 30 मीटर की दूरी से मिले फ्री किक पर



गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पूर्व अनगड़ा के जीतू महतो ने 15वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। 21वें मिनट में मिले पेनाल्टी पर रोहन ने गोल दागकर अपनी टीम की वापसी करा दी। 27वें मिनट में हेहल को फ्री किक मिला। 30 मीटर की दूरी से इजराइल ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। अंतिम दस मिनट में अनगड़ा ने हेहल पर ताबड़तोड़ हमला किया। लेकिन इजराइल ने सभी को विफल कर दिया। इजराइल को हैरतअंगेज प्रदर्शन के लिए मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि समाजसेवी गोविन्द महतो ने प्रदान किया। दूसरे सेमीफाइनल में टाटीसिलवे एफसी ने आराम स्पोटस फाउंडेशन इरबा की टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंची। दोनों गोल टाटीसिलवे के स्टार खिलाड़ी तौहीद अहमद ने में दागा। मैन आफ मैच का पुरस्कार तौहीद अहमद को दिया गया।

## दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर बैठक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत रेहला खुर्द के देवीधाम परिसर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर पूजा कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूजा कमेटी के अध्यक्ष शशि शेखर मुन्ना व संचालन सचिव टुनटुन दीक्षित ने किया। बैठक में इस बार पूजा महोत्सव को और आकर्षक तथा दर्शनीय बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नवरात्रि पाठ,भजन कीर्तन,सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा सहित कई विशेष धार्मिक अनुष्ठान कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष बबन पाठक, कोषाध्यक्ष कृष्णा गिरी,मुख्य संरक्षक रामचंद्र दीक्षित, एसएम एस्ले, रामप्रवेश दीक्षित, रामचंद्रा साव आदि को बनाया गया है।

## आशीष गंगवार ने संभाला अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यभार




**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार का स्थानांतरण के बाद नए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशीष गंगवार ने अनुमंडल कार्यालय वेश्म में शनिवार की सुबह 10 बजे सभी अनुमंडल कर्मियों के बीच अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यभार संभाला। बताते चले कि आशीष गंगवार 2021 बैच के भारतीय प्रशासन प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इनकी पहली पोस्टिंग अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पलामू के हुसैनाबाद में हुई हुई थी। तीसरा पोस्टिंग छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हुई। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार का कार्यकाल 11 महीना एक दिन रहा। 11 महीने के कार्यकाल में लोगों से रूबरू होकर, उनके हित के लिए बेहतर कार्य किया। उधर, श्री कुमार का स्थानांतरण सुनने के बाद अनुमंडल कर्मियों में दुख व्याप्त है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने सभी कर्मियों से कहा कि यह सरकार की कुर्सी है। आना-जाना लगा रहता है। इसलिए इससे दुखी होने की जरूरत नहीं है। मेरा प्रमोशन एडीएम के रूप में हुई है प्रमोशन हुआ है, दोबारा मैं पलामू आने की कोशिश करूंगा। इस मौके कार्यालय के नाजिर रहमान अंसारी,बड़ा बाबू अखिलेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद कुमार गिरी,नीतीश कुमार,अनुसेवक शानू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी के चालक सह अनु सेवक गणेश कुमार शाहिद सभी कर्मी मौजूद थे।

## कार्मेल स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित कार्मेल स्कूल में शनिवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पासला के राष्ट्रीय संरक्षक अध्यक्ष अलोक कुमार दुबे के अलावा डीवीसी महाप्रबंधक सुदीप्त भट्टाचार्य, उप महाप्रबंधक बीजी होलकर, प्राचार्या सिस्टर एममलार एसी, प्रबंधिका सिस्टर एमएनेट एसी, कार्मेल उच्च विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर एम प्रेमलता एसी, सिस्टर नम्रता एसी और सिस्टर रीटा डायस ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपने-अपने मॉडलों की प्रदर्शनी लगायी। इसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण सुरक्षा, स्मार्ट सिटी स्वच्छ भारत आदि शामिल थे। वहीं, प्रदर्शनी को सफल बनाने में प्रिंसिपल सिस्टर एम मलार एसी और प्रबंधिका सिस्टर एम एनेट एसी की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। वहीं, प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और सदैव रचनात्मक सोचने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं मंच संचालन छात्र तास्मीन एवं जस्टिन ने किया। इस मौके पर सोमा बसु, सुरेश कुमार, जीतेंद्र कुमार, अर्जुन साव, टी मरिया, मधु सामुएल, शशि लेखा आदि उपस्थित थे।

## निरसा के इसीएल मुगमा क्षेत्र में सीबीआइ की कार्रवाई

# कोलियरी प्रबंधक व कलर्क रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा एवं कलर्क गौर रवानी को रिश्वत लेने के आरोप में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने शुक्रवार की देर रात दबोच लिया। सीबीआइ की टीम ने प्रबंधक के आवास पर ही 20 हजार रुपए घूस लेते दोनों को पकड़ा। दोनों से मुगमा स्थित इसीएल के गेस्ट हाउस में पूछताछ की जा रही है। साथ ही पुलिस की टीम को प्रबंधक के आवास पर भी तैनात किया गया है। हालांकि इस संबंध में सीबीआई की टीम ने कुछ भी बताने से इनकार किया है। हालांकि सूत्रों की मानें तो हरियाजाम कोलियरी से स्थानांतरित होकर श्यामपुर बी कोलियरी में पदस्थापित मोहम्मद सलीम को मैगजीन कलर्क के पद पर पदस्थापन को लेकर कोलियरी प्रबंधक पीके मिश्रा ने 20 हजार रुपये घूस मांगी थी। जिसकी शिकायत सलीम ने सीबीआई से कर दी थी। जिसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर प्रबंधक व कलर्क को घूस लेते रंहेगाथ हिरासत में लिया है।



आरोपितों को गिरफ्तार कर ले जाती सीबीआइ की टीम।

## केंद्रीय खान बचाव प्रतियोगिता में रहा कथारा क्षेत्र की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कथारा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित भूमिगत खान में 38वीं केंद्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2024 संपन्न हुआ। जिसमें केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड के 12 जोन की टीमों ने भाग लिया। कथारा क्षेत्र की टीम ने भाग लिया। विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'प्राथमिक उपचार' में प्रथम स्थान लाया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (सामान्य शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिलान्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन सं0–01/2024 के आधार पर लिखित परीक्षा दिनांक–05.10.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा बिरसा कॉलेज, खूँटी में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र www.khunti.nic.in पर दिनांक–28.09.2024 से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी,
सामान्य शाखा, खूँटी

PR 337554 Khunti(24-25)#D


# दुर्गापूजा में डीजे बजाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध: बीडीओ

**दुर्गा पूजा को लेकर गोमिया व आइइएल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को गोमिया थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ महादेव कुमार महतो ने की। इसमें सीओ प्रदीप कुमार महतो, थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, अवर निरीक्षक बिरसा बाड़ा भी उपस्थित थे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि पूजा के दौरान व अन्य दिनों में भी किसी प्रकार के कार्यक्रम में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा एवं अग्नि समन यंत्र लगाना अनिवार्य है। पंडाल में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखना है। कहीं भी किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखना है। पंडाल में पानी की व्यवस्था रखनी होगी और एक अलग से संपर्क मंच भी बनाना होगा। इसी तरह पंडाल में जिले एवं प्रखंड के वरीय पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों का मोबाइल नंबर फ्लेक्स में चिपकाना है। पूजा कमेटी के सदस्यों का परिचय पत्र अनिवार्य होगा। पंडाल में महिलाओं एवं बच्चों के लिए अलग से प्रवेश द्वारा रखना है। सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं डालनी है। पूजा का विसर्जन जुलूस निर्धारित रूट से ही निकालना है। मौके पर मुखिया शोभा देवी, तारामणि भोक्ता, पंसस विष्णु लाल सिंह, राजेश विश्वकर्मा, अंजनी त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, आइइएल थाना में भी इस दनि बीडीओ महादेव महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें सीओ प्रदीप कुमार महतो, थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, अवर निरीक्षक ए किशोर मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर मुखिया शांति देवी, अंशु कुमारी, बंटी उरांव, पंसस प्रवीन यादव एवं हरि सिंह आदि उपस्थित थे।




**कार्यालय**
**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**
**राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर,गोला रोड़,रामगढ़ कैंट**
**ईमेल:–ssa_ramgarh@rediffmail.com,**
**फोन नं0/फैक्स नं०– 06553–231133,**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रामगढ़ एवं जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, रामगढ़ को विद्यालय का अनुश्रवण हेतु निबंधित वाहन उपलब्ध कराया जाना है। निबंधित वाहन उपलब्ध कराने के लिए जिले में निबंधित इच्छुक संस्थानों से मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़ रामगढ से निविदा प्रपत्र दिनांक–30.09.2024 से 07.10.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक –08.10.2024 के अपराहन 01:00 बजे तक निविदा समर्पित की जायेगी तथा दिनांक–08.10.2024 को अपराहन 03:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़ रामगढ में निविदा खोली जायेगी। निविदा को संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 337521 District(24-25).D


## बीआइटी सिंदरी के मॉडल क्लब का ओरिएंटेशन सत्र का समापन



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बीआईटी सिंदरी के मॉडल क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन सत्र का शनिवार को समापन हुआ। इस सत्र का उद्देश्य नए छात्रों को क्लब की गतिविधियों और विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में उनके योगदान के अवसरों से अवगत कराना था। पहले दिन क्लब के सदस्यों ने नए छात्रों को क्लब की उपलब्धियों, उद्देश्यों और तकनीकी परियोजनाओं से परिचित कराया। दूसरे दिन, विशेषज्ञों ने रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, प्रोग्रामिंग, और वीएफएक्स जैसे उन्नत तकनीकी विषयों पर सत्र आयोजित किए। इस आयोजन का नेतृत्व क्लब के प्रोफेसर प्रभारी मनीष कुमार और चेयरपर्सन अजय महतो ने किया।

## सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में चलाया गया स्वच्छता अभियान





**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में स्वछता ही सेवा 2024 के तहत अधिकारियों ने जीएम ऑफिस कार्यालय से करगली गेट गांधी चौक तक स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का संदेश दिया गया। दुकानदारों एवं आमजन के बीच जुट बैग एवं कूड़ादान का वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने सभी से अपने दुकान और आसपास के इलाके को स्वच्छत रखने की बात कही। कहा गया कि अपने आसपास स्वच्छता रखने से ही लोग खुद स्वस्थ रहेंगे। गंदगी से कई तरह की बीमारी उत्पन्न होती है। इस लिए खुद भी स्वच्छ बनें और दूसरों को भी स्वच्छता को लेकर जागरूक करें। इस मौके पर विभागाध्यक्षों के अलावा एसीसी सदस्य, कल्याण एवं सुरक्षा के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## 15 दिन में मांगों पर विचार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन :गणेश



**चंद्रपुरा/बेरमो (आजाद सिपाही)। झारखंड नव निर्माण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष गणेश बरनवाल ने सीटीपीएस के परियोजना प्रधान मनोज ठाकुर को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए 15 दिन के अंदर निष्पादन करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर 15 दिन में डीवीसी ने मांगों को पूरा नहीं किया तो डीवीसी प्रबंधन के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। कहा कि डीवीसी अपने सीएसआर क्षेत्र में लोगों के साथ विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। डीवीसी सामाजिक उद्योग नीति से 10 किमी विकास किया जाता है। पर डीवीसी ने अपने क्षेत्र में विकास के नाम पर क्षेत्र को अधिकार से वंचित कर दिया है। जबकि भारत सरकार अधिनियम संख्या 1948 के तहत विकास करना है, पर डीवीसी द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।**

## पहला कदम में अभिभावक जागरूकता शिविर आयोजित





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को अभिभावक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 100 अभिभावक शामिल हुए। शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। शिविर में अभिभावकों को सही जानकारी के साथ उन प्रक्रियाओं को भी समझाया गया जिससे वे सरकारी सहायता प्राप्त कर सकें। इस असर पर अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से उन्हें अपने बच्चों के विकास में मदद मिलेगी और वे सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का बेहतर उपयोग कर पाएंगे। इस दिन दिव्यांग बच्चों के छमाही (हाफ ईयरली) परीक्षा के प्रोग्रेस रिपोर्ट भी पैरेंट्स के समक्ष ररखा गया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट इनके शैक्षणिक स्तर को नापने का प्रभावी तरीका है जिससे इनकी प्रगति का सही मूल्यांकन किया जा सकता है। सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है जिससे दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते है। इसके लिए अभिभावक का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है जिसके लिए पहला कदम स्कूल में समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया जाता है।

## सिंदरी हर्ल में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर , 126 की हुई जांच

**सिंदरी (आजाद सिपाही)। सिंदरी खाद कारखाना प्रबंधन ने सिंदरी नगर निगम अंचल कार्यालय में शनिवारर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें धनबाद के असर्फी अस्पताल की टीम ने 126 मरीजों की जांच की। हर्ल सिंदरी के हेड वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हृदय संबंधित ईसीजी और दंत चिकित्सा की सुविधायें दी गयी। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य को लेकर प्रोत्साहित करना था, जिसमें सिंदरी और आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों ने भाग लिया। इस मौके पर हर्ल सिंदरी के एचआर प्रमुख संत सिंह, एचआर मैनेजर सुजीत दुबे, चिकित्सक डॉ एएन सिंह आदि उपस्थित थे।**

## कतरास में डिवाइडर से टकराया कोयला लदा ट्रक, दो घायल

**कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात नौ बजे कोयला लगा ट्रक कतरास कॉलेज के समीप एनएच 32 पर बने डिवाइडर से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। उनका इलाज निचितपुर क्लीनिक में चल रहा है। उनकी पहचान पंकज राणा और मुकेश राणा के रूप में हुई है, जो गिरिडीह के निवासी हैं।**


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**
**रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in**

**" सूचना "**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत एफ०–2 फॉर्म ऑफ कॉन्ट्रक्ट आधरित अतिअल्पकालीन ई–निविदा अमंत्रण सूचना का प्रसंग संख्या– RCD/RAMGARH/700/2024-25 दिनांक– 21.09.2024 का P.R. No.- 336655 Road(24-25)_D द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.09.2024 12:00 बजे दिन तक | 03.10.2024 12:00 बजे दिन तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 01.10.2024 12:30 बजे दिन को | 04.10.2024 12:30 बजे दिन को |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 337495 (Road) 24-25 (D)



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

अतिअल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
अतिअल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–
WRD/MID/ Latehar F2 - 22/2023-24(3rd call)
पत्रांक–621 लातेहार/दिनांक–28.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डैनडुबा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– गारू, जिला– लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 58.101 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 30.09.2024 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.10.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.10.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.10.2024 12.30 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 337546 Water Resource(24-25).D


## निपटारा: तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 80,401 मामलों का निष्पादन, 2.48 करोड़ की समझौता राशि की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो के प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 80,401 मामलों का निष्पादन हुआ। इस दौरान करीब दो करोड़ 48 लाख रुपए के समझौता राशि की वसूली भी हुई। लोक अदालत में बिजली विभाग के 12,257, बैंक के 116, चेक बाउंस के 56 मामलों सहित उत्पाद, वन और प्री लिटिगेशन सहित कई अन्य विभाग के मामलों का निष्पादन हुआ। उधर, राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, अधिवक्ता सुभाष कटरियार, संजय कुमार दे, जीवन सागर आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नालसा और झालसा के तत्वाधान पूरे भारत में किया जा रहा है। इससे समय और पैसे की भी बचत होती है। इसका उद्देश्य छोटे-छोटे मामलों का न्यायालय की प्रक्रिया में ना फंस कर समझौता के आधार पर निपटारा कराने को लेकर लोगों को जागरूक करना है। वर्ष में चार राष्ट्रीय लोक अदालत और प्रत्येक माह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसमें अधिवक्ता, अधिवक्ता लिपिक, मुवक्किल और अन्य लोगों का भी काफी सहयोग मिलता है। वहीं एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि लोक अदालत की शुरूआत होने के बाद कोर्ट में मुकदमों की संख्या में काफी कमी आई है। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने मंच संचालन, स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन दिया। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना पूरी करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसका आयोजन नवंबर 2013 से पूरे देश में हर तीन महीने में किया जाता है। लोक अदालत में निष्पादित मामलों का किसी भी तरह की अपील नहीं की जाती है। लोक अदालत का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। वहीं, अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग करने वाले सभी बधाई के पात्र हैं। वहीं, मुंसिफ शिवराज मिश्रा ने बताया कि सभी लोक अदालत में मामले का निष्पादन कराकर लाभान्वित हो मेरी यही कामना है। पूरी उम्मीद है कि इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन होगा। अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने कहा कि लोक अदालत बहुत ही सुंदर सुलभ और सुगम न्याय पाने का तरीका है। उधर, मामलों के निष्पादन करने पर दोनों पक्षों को पौधा लगाने को दिया गया। बतातें चलें कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया था। इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।






**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 04/2024-25
पत्रांक– 615 लातेहार/दिनांक–27.09.2024

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम– गणेशपुर में हरिजन टोला कब्रिस्तान के पास पुलिया निर्माण। पंचायत– गणेशपुर, प्रखंड– बालुमाथ, जिला– लातेहार। | 98.927 | 11 माह | |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 07.10.2024 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.24 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 18.10.2024 12.30 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 993182470 |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 337441 Water Resource(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# 'सेवा और सुरक्षा' ओड़िशा पुलिस का मूल मंत्र है : मोहन चरण माझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी द्वारा जिलापाल और पुलिस अधीक्षकों के संयुक्त सम्मेलन के उद्घाटन के बाद, शनिवार का पहला सत्र राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति और आगे की चुनौतियों के साथ-साथ 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्यों के साथ-साथ पुलिस प्रणाली के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा की गयी।



दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन माझी ने कहा कि ओड़िशा पुलिस का मंत्र सेवा और सुरक्षा है। हमारी सरकार अपने राज्य में महिलाओं को तत्काल न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दें. रात में थाने में शिकायत दर्ज कराने आने वाले हर फरियादी को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने विशेष रूप से थाने में महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने को कहा है। भ्रष्टाचार, अनियमितता, सत्ता का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं खुद पीड़ित हूं, इसलिए हमारी सरकार इसे महत्व देगी। पुलिस अधिकारियों को फांडी का दौरा करना चाहिए और स्थिति का जायजा लेना चाहिए। पुलिस का उपयोग पूरे जिले और समाज पर पड़ता है। सेवा और सुरक्षा को प्राथमिकता देकर कार्य करें। ओड़िशा को अभी लंबा सफर तय करना है, हमें मिलकर काम करना होगा। आधी समस्याएं व्यक्ति के व्यवहार और उच्चारण से हल हो जाती हैं। पुलिस स्टेशन में आने वाले लोगों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार और उच्चारण बनाए रखें। दिबांग और असहाय लोगों की दुर्दशा को समझें, वे न्याय के लिए कितना संघर्ष करते हैं। भले ही वह पूरे दिन थाने के बाहर बैठा रहे, लेकिन कोई पुलिस अधिकारी आकर उसे नहीं पूछता। 8/10 घंटे काम नहीं खत्म होती, 24 घंटे काम कीजिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम सकारात्मक सोच के साथ काम करें तो सब कुछ संभव है। 5 जिला के एसपी आज के सम्मेलन में अनुपस्थित हैं। इसमें राज्य के पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया, गुइंदा डिवीजन के निदेशक श्री सौमेंद्र प्रियदर्शी शामिल हुए और जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कानून व्यवस्था के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और सलाह दी। अंगुल जिलापाल एम. अख्तर और गंजाम के पुलिस अधीक्षक श्री जगमोहन मीना ने चर्चा में भाग लिया और इस संबंध में अपने अनुभव साझा किए।

## सोआ स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट ने विश्व पर्यटन दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दुनिया में शांति के बिना पर्यटन संभव नहीं है। भारत शांति का दूत है। हमारा देश शांति और सौहार्द की भावना में वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करता है। स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) ने शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस पर इस विषय पर प्रकाश डाला। प्रो एस के लेंका पूर्व निदेशक, भारतीय पर्यटन और टूरीजिम प्रबंधन संस्थान (आइआइटीटीएम) ग्वालियर जो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे, उन्होंने कहा कि पर्यटन शांति के बिना संभव नहीं है। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम 'पर्यटन और शांति' है। इस मौके पर प्रोफेसर लेंका ने एसएचएम की ओर से इस मुद्दे पर छात्रों द्वारा आयोजित पोस्टर, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का स्वागत किया। इस अवसर पर पीपुल्स ग्रुप ऑफ होटल्स के सीईओ सुब्रत दास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि पर्यटन की सीमाएं बहुत विशाल हैं। हम हर दिन पर्यटन से जुड़े कई लोगों के संपर्क में आते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य काफी उज्ज्वल है।

## पूर्व तट रेलवे आधिकारिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करता है




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की सरकारी भाषा नीति के अनुरूप आधिकारिक कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने अपने मुख्यालय, रेल सदन में राजभाषा पखवाड़ा मनाया। दिन-प्रतिदिन के कामकाज में हिंदी के उपयोग में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों दोनों को शामिल करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए, पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक, परमेश्वर फूंकवाल ने कार्यालय कार्यों में हिंदी भाषा के प्रयोग पर जोर दिया. उन्होंने कर्मचारियों को सरकारी दस्तावेजों के प्राथमिक माध्यम के रूप में हिंदी का उपयोग करने की सलाह दी, ताकि इसका प्रचार और प्रसार किया जा सके। महाप्रबंधक ने सभी स्तरों पर हिंदी के उपयोग को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित कदमों पर प्रकाश डालाः अधिकारियों और कर्मचारियों को आधिकारिक नोट्स और पत्राचार को हिंदी में प्रारूपित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। समर्पित राजभाषा पत्रिका में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु नोट्स के प्रयोग पर बल सरकारी कामकाज में हिंदी प्रचार-प्रसार की निगरानी एवं प्रसार के लिए स्टेशन एवं मंडल स्तर की इकाइयों का नियमित निरीक्षण करना।

## पूर्व तट रेलवे ने 14वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक जीते



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) के खिलाड़ियों ने 23 से 25 सितंबर, 2024 तक चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) में आयोजित 14वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक जीते। सुभम दाश ने कंपाउंड ग्रुप में दो स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, श्री कुलवेंदर ने उसी श्रेणी में दो रजत पदक जीतकर पूर्व तट रेलवे की सूची में इजाफा किया, जिससे रेलवे क्षेत्र को गौरव और पहचान मिली। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक, परमेश्वर फूंकवाल ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए उनकी सराहना की। फूंकवाल ने सुभम दाश और कुलवेन्दर सिंह के प्रयासों की सराहना की और उन्हें खेल में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और संगठन को और अधिक गौरव दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया। चैंपियनशिप में जीते गये पदक न केवल रेलवे सेवाओं में बल्कि खेल को बढ़ावा देने और कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने में भी पूर्व तट रेलवे की ताकत को रेखांकित करते हैं।

## वेदांत एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा में शुरू किया स्वच्छता अभियान



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने भारत सरकार की 'स्वच्छता ही सेवा' पहल के हिस्से के रूप में झारसुगुड़ा में एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया। स्वच्छता अभियान ने कंपनी की व्यापक स्थिरता रणनीति के अनुरूप, सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाने, अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हरित प्रथाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। बड़े पैमाने पर सफाई अभियान, कचरे से लेकर कला प्रतियोगिताओं और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों के साथ, इस पहल ने न केवल सामुदायिक स्वच्छता को बढ़ाया, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने में भी मदद की, इस अभियान में 1,300 से अधिक वेदांता कर्मचारियों, छात्रों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। अपने विचार साझा करते हुए श्री सुनील गुप्ता, मुख्य परिचालन अधिकारी-वेदांत एल्युमीनियम, ने कहा, हमारा स्वच्छता अभियान स्वच्छ और हरित झारसुगुडा के निर्माण के लिए वेदांत एल्युमीनियम के समर्पण का प्रतीक है।

## 43वीं वार्षिक साधारण बैठक : नालको : समर्पण के साथ उद्देश्य की ओर अग्रसर

## नालको रिकार्ड तोड़ उपलब्धियों के साथ नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है : अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार, खान मंत्रालय के तहत नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) की आज आयोजित 43वें वार्षिक साधारण बैठक में, शेयरधारकों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से 13,149 करोड़ रुपये के बिक्री कारोबार, 2060 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ और 4,275.73 करोड़ रुपये के निर्यात कारोबार के साथ 2023-24 के वार्षिक खातों को मंजूरी दी। शेयरधारकों ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (5 रुपये अंकित मूल्य का 40%) का अंतिम लाभांश भी स्वीकृत किया, जो 367.33 करोड़ है। इस प्रकार, वर्ष के दौरान भुगतान किया गया कुल लाभांश 918.32 करोड़ है, जो कर पश्चात लाभ का 45% है। वित्त वर्ष 2023-24 की उल्लेखनीय उपलब्धियों में, प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक नालको ने अब तक का सबसे अधिक बॉक्साइट उत्खनन हासिल किया और 100% क्षमता उपयोग से अधिक पर संचालन करते हुए 21.24 लाख टन एल्यूमिना हाइड्रेट का उत्पादन किया। इसी प्रकार, बिक्री में भी कंपनी ने 4.70 लाख टन की अब तक की सबसे अधिक धातु बिक्री दर्ज की है और एल्यूमिनियम प्रद्रावक संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में 4.63 लाख मैट्रिक टन का अब तक का सबसे अधिक कास्ट धातु उत्पादन हासिल किया है। वित्त वर्ष 23-24 में, नालको ने अपने उत्कल डी कोयला ब्लॉक का विकास और संचालन प्रारम्भ किया है और 2 मिलियन टन कोयला भी उत्पादित किया है, जो खान की अधिकतम रेटेड क्षमता है। उल्लेखनीय है कि उत्कल डी एवं ई के संचालन और पोट्टांगी बॉक्साइट खानों के लिए पट्टा विलेख पर हस्ताक्षर करने के साथ, कंपनी ने अगले 30 वर्षों के लिए मजबूत ऊर्जा और कच्चे माल का प्रतिभूतिकरण हासिल किया है। इस अवसर पर शेयरधारकों को संबोधित करते हुए, नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने नालको टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता, शेयरधारकों के अटूट समर्थन, विश्वास और भरोसा, जिसके कारण रिकॉर्ड तोड़ धातु उत्पादन और प्रभावशाली बिक्री के आंकड़े सामने आए हैं, हेतु अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि आर्थिक और भू-राजनैतिक परिदृश्य, कीमतों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न समस्याओं और पर्यावरणीय नियमों के कारण कुछ विलंब हुआ, लेकिन ये चुनौतियां कंपनी को विकास और नवाचार के अवसर भी प्रदान करती हैं। कहा कि नालको ने वित्त वर्ष 2023-24 में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में विकास किया है। नालको भारत की औद्योगिक शक्ति और आर्थिक लचीलेपन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।




## सोआ इंजीनियरिंग बीटेक और एमटेक छात्रों के लिए ग्रेजुएशन कार्यक्रम

आजद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर) के विभिन्न विभागों में अध्ययन करने वाले बीटेक और एमटेक छात्रों को दो दिवसीय विशेष स्नातक कार्यक्रम में डिग्री प्रदान की गयी है। स्नातक कार्यक्रम के पहले दिन आइटीइआर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के शैक्षणिक वर्ष 2024 में अपनी शिक्षा पूरी करने वाले बीटेक छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। इसी प्रकार, दूसरे दिन शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक शिक्षा पूरी करने वाले छात्रों को डिग्री प्रदान की जाती है। आइटीइआर के स्नातकोत्तर छात्र जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2024 में गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी और कंप्यूटर अनुप्रयोग (बीसीए और एमसीए) में अपनी शिक्षा पूरी की है, उन्हें भी स्नातकोत्तर डिग्री से सम्मानित किया गया है। ग्रेजुएशन प्रोग्राम के पहले दिन सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्रों को उपाधियां प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रोफेसर नंद ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले छात्रों को खुद को इस तरह स्थापित करने पर गर्व होना चाहिए कि सोआ को देश के 14वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। प्रत्येक छात्रों हमारे विश्वविद्यालय का गौरव और शान है। चांसलर ने कहा कि छात्रों चाहे नये हों या पुराने, सभी को सोआ से जोड़ना चाहिए। यह कहते हुए कि सोआ अनुसंधान और विकास की दिशा में काम कर रहा है, उन्होंने कहा कि छात्र विश्वविद्यालय के किसी भी संस्थान में शोध कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि छात्र अर्जित शिक्षा का उपयोग समाज के हित में करेंगे। आईटीईआर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके डीन प्रो प्रदीप कुमार साहू ने कहा कि 17 महत्वपूर्ण विभागों में शोध पर जोर दिया जाता है।



## वेदांता वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए सरकार के गुणवत्ता नियंत्रण आदेश का अनुपालन करने वाला एकमात्र एल्युमीनियम उत्पादक बन गया


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) का आदेश, जिसके तहत भारत में बेचे जाने वाले सभी एल्युमीनियम वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों (शीट, प्लेट और स्ट्रिप्स) को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से प्रमाणित होना आवश्यक है, आज से लागू हो गया है। वेदांता एल्युमिनियम गर्व के साथ घोषणा करता है कि वह भारत की पहली और एकमात्र कंपनी है, जिसे इन उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन छत्तीसगढ़ में इसके बाल्को संयंत्र और ओडिशा में झारसुगुड़ा इकाई दोनों में निर्मित उत्पादों पर लागू होता है। 31 अगस्त, 2023 को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खान मंत्रालय के साथ मिलकर एल्युमीनियम और एल्युमीनियम मिश्र धातुओं के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए एक नया विनियमन पेश किया। अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन के लिए सरकार की 26 सितंबर, 2024 की समय-सीमा के साथ, वेदांता एल्युमीनियम ने अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समय से पहले काम किया है। यह उच्चतम गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए वेदांता की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है और एल्युमीनियम उद्योग में इसकी अग्रणी स्थिति को मजबूत करता है। वेदांता एल्युमीनियम के पास एल्युमीनियम उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए इक्र प्रमाणन है, जिसमें 12 मिमी वायर रॉड, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट, रोल्ड प्लेट, एउ सिल्लियां, मिश्र धातु सिल्लियां और प्राथमिक सिल्लियां शामिल हैं, जो सभी विभिन्न इंजीनियरिंग और औद्योगिक उद्देश्यों को पूरा करती हैं। कंपनी के पास अब 17 उत्पादों में सात इक्र प्रमाणन हैं, जो इसे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करते हैं। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुनील गुप्ता ने कहा प्रमाणन के लिए सरकार का आदेश सही दिशा में है, ताकि भारत उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम का उत्पादन और उपभोग सुनिश्चित कर सके। वेदांता एल्युमीनियम के वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन गुणवत्ता, सुरक्षा और नियामक अनुपालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार में हमारे निवेश ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है, और हम भारत में उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हम अपने उत्पादों को कड़े वैश्विक और राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। वेदांता एल्युमीनियम के व्यापक पोर्टफोलियो में उत्पादों की एक विविध श्रृंखला शामिल है, जैसे कि रेस्टोरा-लो कार्बन एल्युमीनियम, बिलेट्स, वायर रॉड्स, एलॉय इनगॉट्स और कास्ट बार्स, ऐआईएसआई टी- इनगॉट्स, स्लैब्स और रोल्ड उत्पाद। ये एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, निर्माण, विद्युतीकरण, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और उपभोक्ता वस्तुओं सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करते हैं।



## राउरकेला स्टील प्लांट में विस्फोट में 5 लोग घायल

राउरकेला। राउरकेला स्टील प्लांट में शनिवार सुबह विस्फोट हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विस्फोट में पांच कर्मचारी घायल हो गए हैं। राउरकेला स्टील प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में पांच कर्मचारी घायल हो गए हैं। सभी घायल कर्मचारियों को राउरकेला शहर के इस्पात जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.- CWMPD-05-2024-25 दिनांक 27.09.2024. मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा बंद होने की तिथि- 22.10.2024 1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : इंजीनियरिंग वर्कशॉप, प्लान्ट डिपो, पं. दीनदयाल उपाध्याय में 25 टन लोडिंग स्टैन्डर्ड-2008 आधारित आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग के अनुसार विभिन्न स्पैन में पी.एस.सी. एवं आर.सी.सी स्लैब बैलास्ट रिटेनर सहित के कास्टिंग का कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत: ₹19,25,75,398.51, 3. जमानत राशि : ₹11,12,900.00, 4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.10.2024, 12:00 बजे। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: www.ireps.gov.in.

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बीडब्ल्यू
प्लान्ट डिपो/पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01223/डीडीयू/डब्ल्यूपी/टी/24-25/28










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**